हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

तापमान

अधिकतम 37.5 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री







**केस 1**

चंदन पटेल बोरिया कला, कविता मंडल और रेखा महिलांगेय, इन सभी की सेवानिवृति आने वाले दो महीनों में होने वाली है। इन्हें भी अतिशेष सूची में डाल दिया गया है। इसी तरह डोंडेखुर्द में 3 विज्ञान शिक्षक अतिशेष में निकाले गए हैं, इनमें से हेडमास्टर का जुलाई में रिटायरमेंट है।

**केस 2**

आरंग ब्लॉक में अतिशेष में शामिल होने से बचाने के लिए 3 शिक्षकों को संकुल समन्वयक बना दिया गया। काउंसिलिंग के दो दिन पूर्व ही यह आदेश जारी हुआ। बिना जांच किए बिना वरिष्ठों को अतिशेष में डाल दिया गया, जबकि जूनियर सुरक्षित रहे। इसे लेकर भी शिक्षकों का गुस्सा फूटा।

**केस 3**

रविकांत यादव 2009 से आरंग ब्लॉक के अंतर्गत मालीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। युक्तियुक्तकरण के दौरान हेडमास्टर को शिक्षक के रुप में काउंट किया गया और रविकांत अतिशेष हो गए। अब 17 साल बाद उन्हें नई जगह जाना पड़ेगा।

**केस 4**

काठाडीह प्राथमिक शाला में शिक्षक भर्ती के दौरान छात्र संख्या अधिक थी। ऐसे में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित था। अब दर्ज संख्या घटने के कारण शिक्षकों को यहां से हटाया जा रहा है। ना सिर्फ काठाडीह बल्कि कई विद्यालयों में यह स्थिति निर्मित हुई।

**केस 5**

पीएमश्री विद्यालयों को युक्तियुक्तकरण से बाहर रखा जाना है। इसके बाद भी जिले के कुछ पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का तबादला कर दिया गया। इसे निरस्त कराने शिक्षक पहुंचे रहे।

**एक हफ्ते बाद रिटायरमेंट फिर भी तबादला, छिपाए गए रिक्त पद**

# शिक्षकों! कांउसिलिंग में स्वागत है...मेरिट लिस्ट ही तैयार नहीं, हाथपाई की नौबत

## युक्तियुक्तकरण : राजधानी में जमकर हंगामा, सभी केंद्रों में पुलिस बल की तैनाती, वीडियोग्राफी भी

## बगैर मेरिट लिस्ट तैयार किए हो रही थी मिडिल स्कूल शिक्षकों की कांउसिलिंग, भड़के कलेक्टर

आधी-अधूरी तैयारियों के बीच बुधवार को जिले में युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रारंभ हुई। रायपुर में अतिशेष शिक्षकों की संख्या को देखते हुए तीन केंद्र बनाए गए थे, जहां कउंसिलिंग हुई। प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों की काउंसिलिंग पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुई। माध्यमिक कक्षा के शिक्षकों की काउंसिलिंग मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुई। हाईस्कूल और हायरसेकंडरी शिक्षकों की काउंसिलिंग पं.गिरजा शंकर मिश्र शासकीय विद्यालय, रायपुरा के ऑडिटोरियम में हुई। इन केंद्रों में प्राथमिक कक्षा के 283, माध्यमिक कक्षा के 245 तथा हाईस्कूल-हायरसेकंडरी के 101 व्याख्याताओं की काउंसिलिंग हुई। सभी केंद्रों में शिक्षकों को प्रात: 10 बजे से बुलाया गया था। शुरुआती कुछ घंटों में तो स्थिति सामान्य रही लेकिन जैसे-जैसे विसंगतियां सामने आती गईं, विरोध का सिलसिला शुरू होता गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम की काउंसिलिंग को गुरुवार तक के लिए स्थगित ही कर दिया गया है। माध्यमिक शालाओं के जिन शिक्षकों के नाम अतिशेष सूची में आए हैं, उनकी मेरिट लिस्ट ही तैयार नहीं की गई थी। मेरिट लिस्ट के वरिष्ठता क्रम के आधार पर बनाई जानी थी। अतिशेष शिक्षकों को उन विद्यालयों में भेजा जा रहा है, जहां पद रिक्त हैं। मेरिट लिस्ट के आधार पर वरिष्ठ शिक्षकों को विकल्प चयन का आधार पहले मिलना था, लेकिन यहां जूनियर को पहले बुलाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य तरह की विसंगतियां भी सामने आईं।

### नगर निगम आयुक्त के साथ बहस

मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में नगर निगम आयुक्त के साथ बहस के बाद शिक्षक विरोध-प्रदर्शन पर बैठ गए।सूत्रों के अनुसार, कलेक्टर गौरव सिंह के पास शिक्षक शिकायत लेकर पहुंचे। बगैर मेरिट लिस्ट काउंसिलिंग किए जाने की शिकायत पर कलेक्टर भी भड़क गए। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई। इसके बाद माध्यमिक शाला शिक्षकों की सुबह से लेकर शाम तक हुई पूरी काउंसिलिंग रद्द कर दी गई। मेरिट लिस्ट तैयार करने आदश दिए गए। गुरुवार को शिक्षकों को पुनः आमंत्रित किया गया है।



**जिला शिक्षा अधिकारी छुट्टी पर मातहत हलाकान**

रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल निजी कार्यों के चलते अवकाश पर हैं। ऐसे में उनके मातहतों को जिम्मेदारी सौंपी गई। चीजें अव्यवस्थित होने के कारण कई चीजों को लेकर वे भी हलाकान होते रहे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी कर 4 जून तक काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण करने और रात्रि 12 बजे तक सूची सौंपने स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद भी सर्वाधिक लापरवाही तथा वाद-विवाद की घटनाएं राजधानी में ही सामने आईं।

**पुलिस जांच के बाद प्रवेश**

पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में दस्तावेज जांच के बाद ही शिक्षकों को प्रवेश दिया गया। काउंसिलिंग की वीडियो रिकॉर्डिंग होती रही। यहां तहसीलदार ख्याति नेताम, जिला शिक्षा कार्यालय से इंदिरा गांधी व अन्य अधिकारियों ने जिम्मा संभाला हुआ था। शालेय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे की मौजूदगी में ऑडिटोरियम के मुख्य द्वार में विरोध-प्रदर्शन भी किया गया। शिक्षक संघ ने अन्य केंद्रों में भी प्रदर्शन किया। वहीं शिक्षक साझा मंच के संजय शर्मा ने कहा कि विसंगतिपूर्ण व त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त किया जाए। कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें पहले तो शिक्षकों के नाम सूची में थे, लेकिन बाद में उनके नाम सूची से गायब हो गए। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### इधर...छिपा दिए रिक्त पद

*रायपुरा के शासकीय विद्यालय में जीव विज्ञान के शिक्षक भड़क गए। यहां आरोप है कि जीव विज्ञान शिक्षकों के रिक्त पदों को छिपाकर कम संख्या प्रदर्शित की गई। शिक्षकों का आरोप है कि संख्या इसलिए कम दिखाई गई ताकि छिपाए गए पदों पर अपने करीबियों और पहुंच वाले शिक्षकों को बैकडोर से एंट्री दी जा सके। जीव विज्ञान में 21 लोगों को बुलाकर सिर्फ 6 खाली पद दिखाए गए। हंगामा होता देखकर काउंसिलिंग करने वाले अधिकारी-कर्मचारी लंच का हवाला देते हुए चले गए। काउंसिलिंग दोबारा शुरू होने पर जीव विज्ञान को छोड़ दूसरे विषय की काउंसिलिंग शुरू की गई। इसे लेकर जीव विज्ञान के व्याख्याता भड़क गए।इसके बाद सही जानकारी उपलब्ध कराते हुए आगे की कार्रवाई की गई।*

# सूदखोर तोमर के निवास पर छापा, 35 लाख कैश, पौन किलो सोने समेत हथियार भी मिले

## कोर्ट से सर्च वारंट लेकर रोहित की तलाश में पहुंची पुलिस, भनक लगते ही फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाने में दर्ज मारपीट के मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश रोहित तोमर तथा उसके भाई करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर के घर पुलिस ने सर्च वारंट हासिल कर मंगलवार देर रात छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई दूसरे दिन सुबह 11 बजे तक जारी रही। इस दौरान पुलिस को तोमर बंधु के घर से पौन किलो सोने-चांदी के जेवर, कैश 35 लाख रुपए के साथ पांच तलवारें, दो पिस्टल के साथ 30 राउंड जिंदा आवाजी कारतूस भी मिले हैं। इसके अलावा बीएमडब्ल्यू, थार सहित तीन महंगी कारें जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार देर रात रोहित के खिलाफ एक प्रॉपर्टी डीलर ने वीआईपी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना खाकर निकलने के बाद पार्किंग में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी मामले में पुलिस रोहित की तलाश कर रही है। बदमाश के फरार होने के बाद कोर्ट से सर्च वारंट हासिल कर पुलिस तलाशी लेने के लिए उसके घर पहुंची। इसकी जानकारी मिलने के बाद रोहित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस कार्रवाई से बचने रोहित का बड़े भाई वीरेंद्र भी घर से गायब हो गया। तलाशी लेने पुरानी बस्ती थाने के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंची थी।

- घर से पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ तलवारें, 30 ब्लैंक चेक भी मिले

### संपत्ति की जानकारी जुटा रही पुलिस

पुलिस ने तोमर बंधुओं के घर से कई प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त किए है। जब्त दस्तावेज के बारे में पुलिस के अफसर राजस्व विभाग के अफसरों से संपर्क कर जानकारी जुटाने की बात कह रहे हैं। तोमर के घर से जब्त ब्लैंक चेक उन लोगों के बताए जा रहे हैं, जिन लोगों को वीरेंद्र तथा रोहित ने ब्याज में पैसे दिए हैं।

### घर में बनाया था अलग स्ट्रांग रूम

बताया जा रहा है, पुलिस जब वीरेंद्र उर्फ रूबी तथा रोहित के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची, तब चप्पे-चप्पे की छानबीन की गई। इस दौरान घर के बेसमेंट में एक स्ट्रांग रूम मिला। स्ट्रांग रूम में कैश तथा प्रॉपर्टी के दस्तावेज और ब्लैंक चेक छिपाकर रखे गए थे।

### म्यूल अकाउंट वाले की कार मिलने की चर्चा

चर्चा है कि वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के घर से एक म्यूल अकाउंट के आरोपी की कई कारें बरामद की गई हैं। म्यूल अकाउंट के आरोपी की कार वीरेंद्र तोमर के घर में क्यों रखी गई थी, पुलिस इसकी जांच कर रही है। म्यूल अकाउंट के आरोपी की कार रोहित तोमर के घर में मिलने का उल्लेख पुलिस ने अपने बयान में नहीं किया है।

### दोनों भाइयों के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मामले

रोहित तथा वीरेंद्र के खिलाफ पुरानी बस्ती, कोतवाली, राजेंद्र नगर, तेलीबांधा, गुढ़ियारी सहित शहर के अलग-अलग थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट, हत्या की कोशिश, अपहरण, फिरौती मांगने के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। दोनों भाइयों का मूल काम जरूरतमंद को ब्याज पर रकम देकर उनसे ज्यादा राशि एवं अवैध वसूली करने का है।

### केंद्रीय एजेंसी की मदद भी ले सकती है पुलिस

तोमर भाइयों के घर से मिले कैश 35 लाख रुपए के साथ पौन किलो सोने-चांदी के जेवर तथा प्रापर्टी के दस्तावेज खरीदने आय के स्त्रोत के बारे में जानकारी जुटाने मामले की जांच करने पुलिस केंद्रीय एजेंसी की मदद ले सकती है। पुलिस अपने स्तर पर जांच करने के बाद पूरे मामले की जानकारी आयकर विभाग को देने की तैयारी कर रही है।

# बादलों के प्रभाव से ठिठका तापमान फिलहाल दंतेवाड़ा में अटका मानसून



**राजधानी तक कब पहुंचा मानसून**

2015 में 14 जून
2016 में 18 जून
2017 में 21 जून
2018 में 26 जून
2019 में 22 जून
2020 में 12 जून
2021 में 10 जून
2022 में 17 जून
2023 में 23 जून
2024 में 21 जून

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून के इंतजार में लोगों को तेज गर्मी झेलनी पड़ रही है। बादलों के प्रभाव से बुधवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पर ठिठका रहा, मगर धूप की तेजी कम नहीं हुई। अभी किसी तरह का सिस्टम नहीं होने की वजह से दंतेवाड़ा को छोड़कर शेष स्थानों में प्री-मानसून की गतिविधि भी नहीं हो रही है।

मानसून के पूरे प्रदेश में सक्रिय होने के लिए सप्ताहभर का वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह इस बार भी मानसून का चाल बड़ी टेढ़ी है। बीते वर्ष दक्षिण पश्चिम मानसून सुकमा में अटक गया था और इस बार दंतेवाड़ा से आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है। मई में गर्मी से राहत महसूस करने वाले जून में बेचैन हो रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के आगमन के लिए अरब सागर से आने वाली हवा मजबूत होनी चाहिए और इसके लिए वहां किसी सिस्टम के बनने की जरूरत है। इसमें थोड़ा वक्त लगने की संभावना है। बुधवार ⏭शेष पेज 13 पर

- 37 डिग्री पारा में भी महसूस हो रही तेज धूप

# ट्रेन में वेटिंग टिकट की टेंशन होगी कम रायपुर से मदन महल के बीच दौड़ेगी ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोंदिया रूट और जबलपुर जाने वाले रेलयात्रियों के लिए वेटिंग टिकट की टेंशन अब कम हो जाएगी। यात्री सुविधा और पुरानी मांगों को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन रायपुर से मदन महल (जबलपुर) के बीच चलने वाली ट्रेन का शेड्यूल जारी किया है। यह ट्रेन अपने दोनों गंतव्यों के बीच छह स्टेशनों पर स्टापेज लेगी और सफर 6.40 घंटे में पूरा होगा।

अभी गोंदिया की तरफ जाने वाली ज्यादातर ट्रेनें हावड़ा से शुरू होती हैं। इसकी वजह से रायपुर से सफर शुरू करने वाले यात्रियों को कई बार कंफर्म टिकट के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। इस नई ट्रेन के परिचालन से यात्रियों की परेशानी कम होगी, क्योंकि ट्रेन रायपुर से शुरू होगी। इससे टिकट का कोटा बढ़ेगा और यात्री आसानी से अपना सफर पूरा कर सकेंगे। इसके माध्यम से जबलपुर जाने वाले यात्रियों को सीधी ट्रेन की सुविधा होगी। इससे पूरे क्षेत्र में व्यापारिक तथा आर्थिक गतिविधियों के उन्नयन में इस ट्रेन की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध होगी। यात्रियों के परिवहन के साथ ही इस क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों का भी परिवहन संभव हो सकेगा। छात्रों की बेहतर उच्च शिक्षा के लिए जबलपुर तक पहुंच आसान होगी। नियमित रूप से आवाजाही करने वाली यह ट्रेन 11702/11701 के रूप में मदन महल–रायपुर–मदन महल के बीच संचालित होगी। मदन महल से यह ट्रेन प्रातः 6.10 बजे रवाना होकर 6.25 बजे कछपुरा एवं 1.50 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा रायपुर से चलकर यह ट्रेन रायपुर से ⏭शेष पेज 13 पर

- बीच के छ.ह स्टेशनों पर देंगे स्टापेज, 6 .40 घंटे में पूरा होगा सफर

### रीवा-पुणे के बीच द्वि-साप्ताहिक ट्रेन

*रायपुर। रीवा एवं पुणे के मध्य द्वि-साप्ताहिक ट्रेन शुरू किए जाने की तैयारी है। यह ट्रेन 20152 नंबर से बुधवार को रीवा से 6.45 बजे रवाना होकर कछपुरा 11.10 बजे, गोंदिया आगमन 4, नागपुर आगमन 6.20 बजे एवं पुणे 9.45 बजे गुरुवार को पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा पुणे से चलकर यह यह ट्रेन 20151 बनकर गुरुवार को पुणे से 3.15 बजे रवाना होकर 5.25 बजे नागपुर, 7.50 बजे गोंदिया, 12.40 बजे कछपुरा एवं रीवा 5.30 बजे शुक्रवार को पहुंचेगी। इसका ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, भुसावल, मनमाड़, कोपरगांव, अहमदनगर एवं दौण्ड कॉर्ड लाइन में होगा।*

# गुंडागर्दी थम नहीं रही...टकराने के विवाद पर बदमाशों ने मजदूर को चाकू मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी में गुंडागर्दी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। बुधवार की रात महज टकराने के विवाद पर चार बदमाशों ने मजदूर को चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू मजदूर के जांघ में फंसा रहा और वह वैसी हालत में ही लहूलुहान थाने पहुंचा। तेलीबांधा पुलिस ने मामला दर्ज कर एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि मूलतः बिलाईगढ़ का रहने वाला 45 वर्षीय संतोष राय शहर में मजदूरी करता है। बुधवार की रात साढ़े दस बजे के आसपास वह गुटखा खाने निकला था। इसी दौरान करेंसी टॉवर के समीप वह एक युवक से टकरा गया। बताया जाता है कि यह मामूली विवाद गाली-गलौज में बदला और चार में से एक बदमाश ने चाकू निकालकर ⏭शेष पेज 13 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को

अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अजय ने कहा- स्टड फार्म चला रहे राहुल, छत्तीसगढ़ में उनके 'घोड़े बीमार', अब वो 'वनतारा' में रखने लायक

## राहुल के 'लंगड़े घोड़े' पर सियासी बवाल, बैज बोले- बीजेपी के सभी नेता गधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लंगड़े घोड़े वाले बयान पर सियासी बवाल शुरू हो गया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सांसद राहुल गांधी के बयान पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, राहुल गांधी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं चला रहे हैं, बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि वह कोई स्टड फार्म चला रहे हैं और 'घोड़े की खेती' कर रहे हैं। वे घोड़ों के बारे में नॉलेज बढ़ा रहे हैं। उन्हें तो कांग्रेस पार्टी का नाम बदलकर 'स्टड फार्म' गांधी परिवार प्राइवेट लिमिटेड' कर देना चाहिए। श्री चंद्राकर ने कहा, जिस तरह चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन को देखा जाए, खासकर राहुल गांधी के सक्रिय राजनीति में आने के बाद उनके प्रदर्शन को देखें तो साफ दिखता है कि वे खुद ही पार्टी के लिए एक 'लंगड़े घोड़े' साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के





सभी घोड़े 'बीमार' हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के सभी कांग्रेस नेताओं को किसी स्टड फार्म में भर्ती कर देना चाहिए, जहां बीमार घोड़ों के इलाज और देखरेख के लिए अस्पताल होता है। अब वे वहीं रखने लायक हो गए हैं। अंबानी ने जामनगर में पशुओं के देखरेख के लिए जो 'वनतारा' बनाया है, छत्तीसगढ़ के कांग्रेसियों को वहीं भेज देना चाहिए।

### बीजेपी के तमाम नेता गधे

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लगड़े घोड़े वाले राहुल गांधी के बयान पर लगातार भाजपा नेताओं की बयानबाजी को लेकर कांग्रेस के नेताओं को रेस वाला घोड़ा बताते हुए बीजेपी के तमाम नेताओं को गधा करार दिया।

### ये था राहुल का बयान

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में कहा था कि पार्टी में कई ऐसे कार्यकर्ता हैं जो पूरी ताकत के साथ काम करते हैं। जबकि ऐसे भी कई कार्यकर्ता हैं, जो अब थक चुके हैं। ऐसा लग रहा है कि वे रेस में थक चुके हैं, ऐसे में अब समय आ गया है कि रेस के घोड़े और बारात के घोड़े को अलग कर देना चाहिए। मैं पहले कहा करता था कि दो टाइप के घोड़े हैं, लेकिन अब मैं ये मानता हूं कि दो नहीं, बल्कि तीन टाइप के घोड़े हैं। एक रेस का घोड़ा, एक बारात का घोड़ा और तीसरा लंगड़ा घोड़ा। अब समय आ गया है कि हम लंगड़े घोड़े को अलग करें। ऐसे कार्यकर्ता अगर बाकी घोड़ों यानी कार्यकर्ताओं को तंग करेंगे तो उन पर कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस का शिक्षा न्याय आंदोलन, पहले चरण की आज से शुरुआत

**रायपुर।** प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। पहले चरण में सभी 33 जिलों में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। पीसीसी ने सूची जारी कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। रायपुर में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, दुर्ग में रविंद्र चौबे, राजनांदगांव में प्रमोद दुबे, बलौदाबाजार में प्रदेश महासचिव सुबोध हरितवाल, बस्तर क्षेत्र में वहां के विधायक और पूर्व विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष मद्दी 7 को करेंगे पदभार ग्रहण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता श्रीनिवास मद्दी 7 जून को छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष के तौर पर पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित रहेंगे और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मद्दी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े व टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व महेश कश्यप, विधायक लता उसेण्डी, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, चैतराम अटामी व विनायक गोयल तथा जगदलपुर महापौर संजय पाण्डेय व रायपुर महापौर मीनल चौबे बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।



राजभवन से मिले आदेश के बाद प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने जारी किया आदेश

# राजभवन तैयार करेगा शिक्षा महाविद्यालयों का बायोडाटा, मांगी थोक में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजभवन प्रदेश के सभी शिक्षा महाविद्यालयों का बायोडाटा तैयार करने जा रहा है। सभी विश्वविद्यालयों को खत लिखकर राजभवन ने संबद्ध महाविद्यालयों से जुड़ी जानकारी मांगी है। इसके बाद छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों द्वारा संबद्ध बीएड-डीएलएड महाविद्यालयों को खत लिखा गया है। कॉलेजों को प्रपत्र भेजकर इसमें दिए गए बिंदुओं के आधार पर जानकारी मांगी गई है। ना केवल शैक्षणिक जानकारी बल्कि महाविद्यालय में पानी का स्त्रोत क्या है, फर्नीचर संख्या कितनी है, शिक्षकों का वेतन कितना है, कितने शिक्षक स्वेच्छा से कम वेतन पर काम कर रहे हैं, ग्रंथालय में किताबों की संख्या कितनी है, यह जानकारी भी देनी होगी।

राजभवन द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को यह खत 25 अप्रैल को लिखा गया था। खत लिखे जाने के तीन महीने के भीतर जानकारी देने कहा गया था। ऐसे में 25 जुलाई तक सभी बीएड-डीएलएड महाविद्यालयों को यह जानकारी विश्वविद्यालयों को प्रेषित करनी होगी, जहां से इसे राजभवन भेजा जाएगा। विश्वविद्यालयों ने महाविद्यालयों को लिखे अपने खत में कहा है कि महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन किए जाने के संदर्भ में जानकारी चाही गई है। ऐसे में दिए गए प्रपत्र के अनुसार जानकारी निर्धारित अवधि में देने कहा गया है।

खास खबर

### बैंक स्टेटमेंट, बीते सत्र और वर्तमान सत्र की उपस्थिति पंजी भी




### पहली बार ऐसा

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है जब बीएड-डीएलएड महाविद्यालयों से इतनी सूक्ष्मतम जानकारी मांगी जा रही है। बीएड कॉलेज एसोसिएशन के संयोजक राजीव गुप्ता का कहना है कि शिक्षा महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी बिंदुओं का पालन कर रहे हैं। शासन द्वारा मांगी गई जानकारी भी समय पर प्रदान कर दी जाएगी। सीटें प्रदेश में 140 बीएड महाविद्यालय हैं। यहां बीएड की 14,500 सीटें हैं। वहीं 89 महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन होता है। डीएलएड की छत्तीसगढ़ में 6,700 सीटें हैं।

### महाविद्यालय प्रबंधन परेशान

इस लंबे-चौड़े प्रपत्र को देखकर महाविद्यालय प्रबंधन परेशान हो गया है। मांगी गई जानकारियों में से कई ऐसी है, जिसके लिए डाटा जुगाड़ कर पाना संभव नहीं है। इसमें प्राध्यापकों के बीते वर्ष की उपस्थिति पंजी, बैंक स्टेटमेंट, शिक्षकों द्वारा पेश किए गए रिसर्च पेपर, शोध कार्य, उनके द्वारा लिखी गई किताबें व आर्टिकल, शिक्षक के शोध कार्य में खर्च की गई राशि, महाविद्यालय का संचालन करनी वाली समिति की चल-अचल संपत्ति, शैक्षणिक संस्था के पास भवन तथा भूमि की उपलब्धता, भूमि पर निर्मित भवन, खुली बची जमीन, क्रीड़ा मैदान, मानव संसाधन सहित प्रत्येक सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी चाही गई है। महाविद्यालय प्रबंधन को उक्त जानकारी और साक्ष्य के रूप में इससे जुड़े दस्तावेज एकत्र करने में दिक्कतें आ रही हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रायपुर में करेंगी जनसुनवाई

रायपुर पुलिस से महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों का मांगा प्रतिवेदन






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आ रही हैं। वे यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी।

जनसुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, आयोग के अन्य सदस्यों समेत जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे।

### चार घंटे चलेगी जनसुनवाई

अधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर गुरुवार को सुबह रायपुर प्रवास पर आएंगी। वहीं आयोग की सदस्य ममता कुमारी एक दिन पहले ही बिलासपुर पहुंच चुकी हैं, जो रात तक रायपुर पहुंचेंगी। तय कार्यक्रम के अनुसार आयोग की अध्यक्ष सुबह करीब 11 बजे से कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई करेंगी। यह सुनवाई अपरान्ह 3 बजे तक चलेगी।

### पुलिस विभाग से मंगाए प्रतिवेदन

जनसुनवाई के लिए आयोग ने पुलिस विभाग से प्रतिवेदन मांगे गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जनसुनवाई के लिए महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों के प्रतिवेदन मांगे गए थे, जिसे सौंप दिया गया है। इनमें कौन-कौन से प्रतिवेदन पर सुनवाई होगी, इसकी जानकारी नहीं है।

## दो माह बाद खुला संपत्ति कर भुगतान पोर्टल, दो दिन में जमा हुआ एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो माह से बंद रायपुर नगर निगम का संपत्ति कर भुगतान पोर्टल अब खुल गया है। दो दिन में 1 करोड़ की राशि कर के रूप में करदाताओं ने ऑनलाइन जमा की है। जून माह के अंत तक अग्रिम संपत्तिकर भुगतान करने वाले करदाताओं को नगर निगम नियम अनुसार 6.25 फीसदी छूट संपत्ति कर भुगतान में सहूलियत के रूप में दे रहा है।

अब लोग किसी दिक्कत के अपने प्रॉपर्टी के संपत्ति कर का भुगतान एक बार फिर ऑनलाइन कर सकेंगे। साथ ही भवन निर्माण अनुमति, नामांतरण और व्यापार लाइसेंस के अटके काम में अब गति आएगी। दरअसल वार्ड परिसीमन के बाद डाटा अपडेट करने और यूजर चार्ज में प्रस्तावित वृद्धि को लेकर नगर निगम संपत्तिकर भुगतान पोर्टल 2 माह तक बंद रहा। इससे करदाताओं को काफी असुविधा हुई। वहीं जून माह में संपत्ति कर का अग्रिम भुगतान करने वाले करदाताओं को 6.25 फीसदी छूट का लाभ लेने से वंचित होना पड़ा। अब यह पोर्टल आम जनता की सुविधा के लिए पुराने स्वरूप में ही शुरू हो गया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर इस बार डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिए जाने वाले यूजर चार्ज की दरों में बढ़ोतरी फिलहाल टल गई है।

### अतिरिक्त बोझ से मिली राहत

राजपत्र में प्रकाशन के चलते डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का यूजर चार्ज प्रत्येक 3 साल में बढ़ोतरी का प्रावधान है। इस वित्तीय वर्ष से यूजर चार्ज में बढ़ोतरी होनी थी। ऐसा होने पर नागरिकों को 10 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक अतिरिक्त आर्थिक भार अलग-अलग केटेगरी में आवासीय व व्यावसायिक श्रेणी में पड़ना तय था। महापौर मीनल चौबे द्वारा यूजर चार्ज बढ़ाने पर ऐतराज के बाद फिलहाल पुरानी दर पर ही करदाताओं से यूजर चार्ज वसूला जाएगा। यह राशि संबंधित करदाताओं को अपने संपत्तिकर के साथ जमा करनी होगी।



CORPORATE OFFICE :
4th Floor, Harshit Corporate, Amanaka, Raipur Chhattisgarh - 492001
CONTACT NO. :
+91 9303012000, 0771-4223000
mkt@sagartmt.com | mkt@sagarpipe.com | www.pankajgroup.co.in

## केंद्र से मिली 2784 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 2784.72 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि जारी की है। प्रदेश को मिली इस सौगात को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीएम मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। उन्होंने कहा, इससे विकास की गति बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

इससे बुनियादी ढांचे, जनकल्याण व जनहित योजनाओं को गति मिलेगी। 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा, देश के विभिन्न राज्यों को लगभग 82 हजार करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि केंद्र द्वारा आवंटित की गई है। छत्तीसगढ़ को लगभग 2800 करोड़ की अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई है, इसके लिए हमारी सरकार, हमारे मुख्यमंत्री के ओर से और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से पीएम मोदी, वित्त मंत्री सीतारमण को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। श्री चौधरी ने कहा कि यह निर्णय सहकारी संघवाद को मजबूत करते हुए राज्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे राज्य अपने पूंजीगत व्यय में तेजी ला सकेंगे और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्तपोषण कर सकेंगे।



- ओपी चौधरी ने पीएम मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का जताया आभार

### ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल : चौधरी

मंत्री ओपी चौधरी ने इस ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के लिए उन्होंने कहा, पूर्व में राज्यों को 32 प्रतिशत ग्रांट मिलता था, जिसे मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद 42 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा, यह अतिरिक्त सहायता राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगी। इससे राज्य सरकार विभिन्न विकास कार्यों को गति दे सकेगी और जनता की अपेक्षाओं को पूरा कर सकेगी।

### केंद्र-राज्य संबंधों में नई दिशा

ओपी चौधरी ने कहा, केंद्र सरकार का यह निर्णय केंद्र-राज्य संबंधों में नई दिशा का संकेत देता है। इससे राज्यों को अपने विकास के लिए अधिक संसाधन मिलेंगे और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे।



## खबर संक्षेप



### अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी पर मातृशक्तियों का सम्मान किया गया

**अभनपुर**। नवा रायपुर के सेक्टर-27 में अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर कल्याण नाथ जन सेवा समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाज सेवा, शिक्षा, लोकसंस्कृति और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 मातृशक्तियों को शांति तिवारी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस वर्ष पीपल के पौधे को मुख्य अतिथि रूप में चुना गया, जिसका सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व कार्यक्रम संयोजक डॉ. कोला ने बताया, कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। अंत में सियाराम सिन्हा ग्रुप द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। पर्यावरण संरक्षण हेतु 151 पौधों का वितरण भू संरक्षणम फाउंडेशन और एनयूईडब्लूएसटी ट्रस्ट द्वारा किया गया। पवन तिवारी ने सभी से हर शुभ अवसर पर पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक, समिति के सदस्य और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि 7 को

**रायपुर**। सतनामी समाज के लौहपुरुष, आरडीए और मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष तथा गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक सतलोकी नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में 7 जून को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सुरता नरसिंह मंडल कार्यक्रम भी होगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शनिवार को बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग सांस्कृतिक भवन प्रांगण में एकत्रित होकर वहां स्थापित स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अधूरे समाजोत्थान के कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।

### संत कबीर जयंती समापन समारोह 7-8 जून को

**रायपुर**। राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा का समापन 7 व 8 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है।

## पेज 11 के शेष...

### बादलों के प्रभाव से ठिठका...

को छाए बादलों की वजह से राजधानी का तापमान 37 डिग्री से अधिक नहीं बढ़ पाया और राजनांदगांव का पारा 38 डिग्री सेल्सियस पर ठिठका रहा। अभी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी, तापमान में तेजी का असर तीन-चार दिन बाद ही नजर आएगा।

### ट्रेन में वेटिंग टिकट की...

2.45 बजे रवाना होकर कछपुरा 10.10 बजे एवं मदन महल 10.30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं दुर्ग में होगा। इसमें 1 एसएलआरडी, 1 एसएलआरआरएम, 8 स्लीपर, 3 एसी-4 तथा 1 एसी-1 सहित कुल 15 कोच होंगे।

### गुंडागर्दी थम नहीं रही...टकराने...

संतोष पर हमला कर दिया। चाकू संतोष के पैर में जा धंसा तो संतोष ने हिम्मत दिखाई और भागकर सीधे तेलीबांधा थाने पहुंच गया। खून से लथपथ युवक को देखकर थाने में हड़कंप मच गया। सूचना पर स्वयं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह थाने पहुंच गए।
सक्रिय हुई पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है और उसके फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। देर रात पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

---

**पहल : अस्पताल होगा 30 से बढ़कर 50 बिस्तर का**

# धरसींवा अस्पताल को मिली 1.20 करोड़ की सौगात विधायक की पहल पर अस्पताल में होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार जीवन दीप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन और विकास को लेकर गहन चर्चा हुई। इस बैठक में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा सहित क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों की टीम मौजूद रही। जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास तिवारी ने अस्पताल के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों से विधायक अनुज शर्मा को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारियों की कमी, उपकरणों के अभाव और भवन संबंधी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला, जो वर्तमान में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को प्रभावित कर रही हैं। विधायक अनुज शर्मा ने डॉ. तिवारी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान का आश्वासन दिया।






### विधायक ने की डॉक्टरों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता व समर्पण की सराहना

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के अथक प्रयासों और सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप, धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 1 करोड़ 20 लाख रुपये की एक बड़ी सौगात मिली है। इस राशि से अस्पताल का विस्तार किया जाएगा और इसे वर्तमान 30 बिस्तर से बढ़ाकर 50 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा। जिससे क्षेत्र की बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने अस्पताल के सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता और उनके समर्पण की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जिस तरह से मरीजों की सेवा की है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 50 बिस्तर के अस्पताल के रूप में उन्नत होने के बाद, धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों को और भी बेहतर और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, तिबरैया सरपंच श्यामा कलानाथ गायकवाड़, पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा, धरसींवा सरपंच साहिल खान, राजेन्द्र साहू, मोहम्मद याकूब, चंद्रकांत साहू सहित आसपास के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# तिल्दा नेवरा में बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य के लिए विशेष शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

राज्य सरकार के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आज सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ भाजपा महामंत्री व प्रतिनिधि सभापति स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा विभाग सौरभ जैन, भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, विजय ठाकुर, सुरेश लखवानी, दिलीप वर्मा, बीएमओ उमा पैकरा, बीपीएम ममता सुनानी के द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें बड़े बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने हेतु तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से दाई-बबा दिवस में स्वस्थ परीक्षण किया गया। इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच व मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण एवं वृद्धा अवस्था पोषण, आयुष आधारित परामर्श दिया गया। अपने उद्बोधन में सौरभ जैन ने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल का सभी वर्ग के लोगों ने खुशी है। दाई बबा दिवस पर बुजुर्ग अपना स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे है। उन्होंने बुजुर्गों को शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। नरेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में राज्य सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। बीएमओ उमा पैकरा ने भी अपने उद्बोधन दिए अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करने एवं खेल प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।

# महिला समूहों में असंतोष, ममता वर्मा को पद से हटाने की मांग को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**तिल्दा नेवरा**। तिल्दा विकासखंड की ग्राम पंचायत अल्दा की महिलाओं ने बड़ी संख्या में जनपद पंचायत तिल्दा कार्यालय पहुंचकर एकजुटता दिखाई। उन्होंने सरपंच झगनू के नेतृत्व में जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए स्व-सहायता समूहों की सक्रिय महिला सदस्य ममता वर्मा को पद से हटाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम अल्दा में कुल 19 स्व-सहायता समूह कार्यरत हैं। इन समूहों की निगरानी के लिए ममता वर्मा को सक्रिय महिला नियुक्त किया गया है, लेकिन वह अपने कार्यकाल में निरंतर मनमानी कर रही हैं। आरोप है कि वह किसी भी निर्णय में समूह की अन्य सदस्यों, यहां तक कि ग्राम संगठन 'नव ज्योति महिला समूह' की अध्यक्ष व सचिव से भी विचार-विमर्श नहीं करतीं। महिलाओं ने बताया कि ममता वर्मा द्वारा उठाए जा रहे कदम एकतरफा हैं। इससे ग्राम के सभी 19 महिला समूहों में भारी आक्रोश व्याप्त है। महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से ममता वर्मा को तत्काल सक्रिय महिला के पद से हटाने की मांग की।

# मंदिर परिसर में हुई संगठनात्मक बैठक सामाजिक कार्यों पर बनी रूपरेखा



**आरंग**। पंचमुखी महादेव मंदिर प्रांगण आरंग में राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन के पदाधिकारियों के गठन हेतु बैठक रखी गई। बैठक की शुरुवात पिपलेश्वर महादेव का दुग्ध जल अभिषेक, मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ, शिवजी एवं श्री रामचंद्र की स्तुति कर हुई। जिसमे आसपास गांव से रामायण मंडली के प्रमुखजन तथा मातृ शक्ति मानस मंडली भी उपस्थित हुए। सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन के पदाधिकारियो मे संयोजक हीरालाल साहू, अशोक साहू, अशोक भानसोझिया, राजेंद्र चंद्राकर, संरक्षक नरेंद्र द्विवेदी, देवशरण साहू, संतोषलाला लोधी, उदयराम साहू, अध्यक्ष मानस लोधी, उपाध्यक्ष अवध विश्वकर्मा, सचिव ओंकार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, सलाहकार व मार्गदर्शन पुरानिक हिरवानी, सीताराम यादव, मनहरण साहू, भुवन साहू, उपेंद्र साहू, रेखू लोधी, दीप लोधी, धनंजय लोधी, लक्ष्मीनाथ साहू, गंगा प्रसाद, संगठन सदस्य नारायण पाल, निकेश निषाद, जितेंद्र लोधी, मदन मोहन सोनकर, मनहरण वर्मा, गोपाल साहू, तोष साहू, प्रेम वर्मा, गैंदलाल धीवर, रेखा साहू, कुंती पाल, याददास मानिकपुरी, सुरेश यादव, हीरादास मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी टोकेश साहू, सत्यम झा आदि की नियुक्ति की गई। साथ ही संगठन द्वारा पीपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर प्रांगण के जीर्णोद्धार के लिए मंदिर के पूजारी शत्रुघ्न प्रसाद लोधी को श्रीफल रामनाम गमछा से सम्मान कर सहायता राशि प्रदान की गई। संगठन द्वारा कन्या विवाह एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्रीराम चरित मानस, श्रीमद भागवत गीता धार्मिक ग्रन्थ भेंट करने का प्रतिबद्धता के साथ एक सकारात्मक पहल करने का संकल्प लिया गया।

# उत्कृष्ट छात्रों को मिला समाज का सम्मान शिक्षा को बताया समाज की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

नवागांव (कठिया) परिक्षेत्र में झरिया महार, महरा समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परिक्षेत्र के सभी प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनके उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज प्रांताध्यक्ष अशोक चांद रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और जीवन में आगे भी लगन और परिश्रम से कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज को मजबूत और समृद्ध बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में



विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष सुनील बम्बोडे, प्रवक्ता मंतराम रायपुरिया, सचिव पवन खापर्डे, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष डीगेश्वर अंगारे, सह सचिव किशोर रायपुरिया सहित अभनपुर ब्लॉक के वरिष्ठ शिक्षक अजीत भीमगज धनीराम नागवंशी, नरेंद्र मेश्राम, सोहनलाल मैथिल और उमरपोटी परिक्षेत्र के अध्यक्ष गौकरण पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की सलाह दी और कहा कि कठिन परिश्रम और सच्ची लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष राधेश्याम मैथिल, उपाध्यक्ष रोहित बया, सचिव कौशल मेश्राम, कोषाध्यक्ष भोलाराम पटेल, वरिष्ठ सदस्य गोवर्धन सोनवानी, सह सचिव फागूराम सोनवानी, टिकेश्वर सोनवानी, नरेंद्र सोनवानी, हेमंत मेश्राम, हेमराज बया, भुवनेश्वर मेश्राम, शिक्षक डिलेश्वर पटेल, डोमार मेंश्राम, अनिल बया सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य, मातृशक्ति, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंदिर हसौद में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई कार्रवाई की मांग की

**मंदिर हसौद**। मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 स्थित एचपीसीएल गैस प्लांट नकटा मोड के पास वाहनों के अव्यवस्थित ढंग से पार्क किए जाने के कारण यातायात समस्या उत्पन्न होने एवं राहगीरों को आने-जाने में हो रही असुविधा के संबंध में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामसिंग निर्मलकर ने यातायात अधीक्षक, जिला प्रशासन एवं थाना मंदिर हसौद को ज्ञापन जारी कर कार्यवाही किए जाने हेतु आग्रह किया है। आवेदक ने निवेदन है किया है कि रायपुर जिले से नजदीक बसे नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद अंतर्गत नकटा मोड़ गैस प्लांट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 में रोड के किनारे ऑयल टैंकर, भारी वाहनों एवं गैस से भरी वाहनों के अव्यवस्थित ढंग से पार्किंग कर दिए जाने के कारण उक्त स्थान से होकर राहगीरों का गुजर पाना जंग जीतने जैसी स्थित रहती है। उक्त स्थान पर पैदल चलने वाले एवं सड़क पार करने वाले लोगों को हर हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उक्त नकटा मोड गैस प्लांट के पास इतना ज्यादा ट्रैफिक जाम एवं मार्ग अवरुद्ध रहता है कि आवागमन करने वाले नगरवासियों क्षेत्रवासियों को अत्यधिक भीड़-भाड़ एवं यातायात संबंधी समस्या से प्रतिदिन जूझना पड़ता है। उक्त स्थान पर अव्यवस्थित ढंग से वाहनों के पार्किंग कि वजह से हफ्ते में लगभग एक से दो एक्सीडेंट होना तय है, जिससे अनेकों बार लोगों को जान गवानी पड़ी है तथा लोग अपनो को खो देते है। उपरोक्त स्थान पर हो रहे यातायात समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु शिफ्ट में ट्रैफिक पुलिस लगाया जाना एवं वाहनों के अव्यवस्थित ढंग से पार्किंग को लेकर आवश्यक कार्यवाही किया जाना तथा उन्हें उचित स्थान पर पार्किंग हेतु हिदायत दिया जाना लोकहित में उचित दर्शित होता है। जिस सम्बन्ध में भाजपा कार्यकर्ता रामसिंग निर्मलकर जी ने निवेदन कर मांग की है कि मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 स्थित एचपीसीएल, गैस प्लांट नकटा मोड के पास वाहनों के अव्यवस्थित ढंग से पार्क किए जाने के कारण यातायात समस्या उत्पन्न होने एवं राहगीरों को आने-जाने में हो रही असुविधा के संबंध में शीघ्र कार्यवाही करते हुए उक्त स्थान से अवैध पार्किंग को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने एवं उपरोक्त समस्या का समाधान प्रदान किए जाने कि मांग की है।

# ग्राम तुलसी में शुरू हुआ क्रिकेट का महाकुंभ, खिलाड़ियों में दिखा जोश



**मंदिर हसौद**। मंदिर हसौद के पास स्थित ग्राम पंचायत तुलसी में 4 जून से 15 जून तक तुलसी प्रीमियर लीग टीपीएल का आयोजन किया जा रहा है। 4 जून को ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर के हाथों श्रीफल तोड़कर शुभारंभ किया गया। ततपश्चात तुलसी प्रीमियर लीग के पहला मैच तुलसी रॉयल वर्सेस तुलसी फालकॉउंस के बीच खेला गया। जिसमें तुलसी फालकॉउंस पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 49 रन का टारगेट दिया जिसे तुलसी रॉयल 4 विकेट के नुकसान पर 7.5 ओवर में मैच अपना नाम किया मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज दुधारू निर्मलकर डीके को मैन ऑफ दी मैच मिला। जिसे मैच सुभारम्भ के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात सरपंच द्वारा टीपीएल की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# अभनपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आयोजित

**अभनपुर**। विधानसभा अभनपुर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे संविधान बचाओ रैली बस स्टैण्ड अभनपुर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य जन जन तक संविधान की शक्ति का पहुंचाना और संविधान के प्रति लोगों मे विश्वास जागृत करना, केन्द्र सरकार द्वारा देश के संवैधानिक संस्थानो को कमजोर किया जा रहा है। भाजपा के नेता अपने बयानों से न्यायलयों पर दबाव बना रहे हैं। यह हमारे लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। संविधान ही हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, संविधान की रक्षा करना देश के



प्रत्येक नागरिक का प्रथम कर्तव्य है और हम सभी को मिलकर इसे जरूर बचाये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, बम्हानंद ठाकुर, सुनील कौशल, विद्याभूषण सोनवानी, रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, डोमेन्द्र साहू, वीरेन्द्र सिन्हा, हिम्मत सरदार, बीरबल टंडन, गिरधारी साहू, जीते सरदार, धनराज मध्यानी, सौरभ शर्मा, नंदू साहू, संध्या राव, चन्द्रहास साहू, शशिप्रकाश साहू, संदीप दीवान, चोवा बघेल, सुमीत तंबोली आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश के पहले निगम सख्त, नाले साफ कराने अवैध पाटे ढहाए, कहीं तोड़फोड़ का विरोध तो कहीं हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

संतोषी नगर चौक से पचपेड़ी नाला चौक नाले पर बने 30 अवैध पाटे को जोन 6 अमले ने बुधवार को जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। पाटे तोड़ने बाद नाले की तले तक सफाई कराई। वहीं महोबा बाजार स्थित जोन 8 की टीम ने टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से मुक्त कराने अभियान चलाया।

इस दौरान एक भोजनालय को तोड़े जाने पर प्रभावितों ने जोन दफ्तर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। दफ्तर के कांच तोड़ डाले और जोन दफ्तर परिसर में खड़े निगम के एक वाहन को क्षति पहुंचाई। सूत्रों के मुताबिक तोड़फोड़ करने वाले ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हंगामा करने वालों को हिरासत में ले लिया। यह आमानाका क्षेत्र का मामला है। दरअसल बारिश पूर्व शहर के नाले-नालियों के सफाई की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को फ्री हैंड करते हुए हिदायत दी है कि नाले-नालियों पर अतिक्रमण के चलते यदि जलभराव का अंदेशा है तो इस पर तत्काल संज्ञान लेकर अवैध अतिक्रमण हटाएं, इसके लिए नोटिस देना जरूरी नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को जोन 6 नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को तोड़ने की कार्यवाही की। नाले से इस दौरान भारी मात्रा में मलबा, प्लास्टिक कचरा, कांच की बाटल, प्लास्टिक पन्नियों का ढेर निकाला गया। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, राहुल थारानी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया, जिसमें संतोषी नगर चौक से लेकर पचपेड़ी नाका चौक मार्बल लाइन तक नाले के ऊपर अवैध पाटे बनाने से नाला सफाई का कार्य बाधित हो रहा था।





### किसान नेता पारसनाथ साहू को जापानी कृषि वैज्ञानिकों ने किया सम्मानित

**आरंग**। मंगलवार को रायपुर में आयोजित किसान संगोष्ठी में ग्राम भिलाई निवासी किसान नेता पारसनाथ साहू का जापान के कृषि वैज्ञानिकों ने शाल व उपहार भेंटकर सम्मानित किया। साहू द्वारा किसानों की समस्यायों व मांगो को प्रमुखता से सरकार तक सक्रिय रूप से पहुंचाने व किसानों को सतत प्रोत्साहित करते रहने से जापान के कृषि वैज्ञानिक काफी प्रभावित हैं। वहीं साहू को सम्मानित किए जाने पर पीपला फाउंडेशन और किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी हैं।

**:: आम सूचना ::**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**
जारी दिनांक 25/05/2025
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री परमिला चतुर्वेदी पिता /पति शरद चतुर्वेदी निवासी नकटा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नकटा पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 563, 565 रकबा 0.110, 0.090 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 23/05/2025 के परिपालन में दिनांक 16/06/2025 को समय 2.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।
अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के नकटा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।
राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 25/05/2025**
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेंद्र दास पिता/पति फेरहा निवासी नकटा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नकटा पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 487, 563, 564, 565 रकबा 0.20, 0.11, 0.61, 0.09 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 23/05/2025 के परिपालन में दिनांक 16/06/2025 को समय 03 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।
अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के नकटा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

# बारिश के पहले निगम सख्त, नाले साफ कराने अवैध पाटे ढहाए, कहीं तोड़फोड़ का विरोध तो कहीं हंगामा

## संतोषी नगर से पचपेड़ी नाका चौक तक नाले पर बने 30 अवैध पाटे ढहाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संतोषी नगर चौक से पचपेड़ी नाला चौक नाले पर बने 30 अवैध पाटे को जोन 6 अमले ने बुधवार को जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। पाटे तोड़ने बाद नाले की तले तक सफाई कराई। वहीं महोबा बाजार स्थित जोन 8 की टीम ने टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से मुक्त कराने अभियान चलाया। इस दौरान एक भोजनालय को तोड़े जाने पर प्रभावितों ने जोन दफ्तर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। दफ्तर के कांच तोड़ डाले और जोन दफ्तर परिसर में खड़े निगम के एक वाहन को क्षति पहुंचाई। सूत्रों के मुताबिक तोड़फोड़ करने वाले ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हंगामा करने वालों को हिरासत में ले लिया। यह आमानाका क्षेत्र का मामला है।

दरअसल बारिश पूर्व शहर के नाले-नालियों के सफाई की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को फ्री हैंड करते हुए हिदायत दी है कि नाले-नालियों पर अतिक्रमण के चलते यदि जलभराव का अंदेशा है तो इस पर तत्काल संज्ञान लेकर अवैध अतिक्रमण हटाएं, इसके लिए नोटिस देना जरूरी नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को जोन 6 नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को तोड़ने की कार्यवाही की। नाले से इस दौरान भारी मात्रा में मलबा, प्लास्टिक कचरा, कांच की बाटल, प्लास्टिक पन्नियों का ढेर निकाला गया। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, राहुल थारानी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया, जिसमें संतोषी नगर चौक से लेकर पचपेड़ी नाका चौक मार्बल लाइन तक नाले के ऊपर अवैध पाटे बनाने से नाला सफाई का कार्य बाधित हो रहा था। साथ ही नाला जाम होने से आसपास के इलाकों में जलभराव का अंदेशा बना हुआ था।

**खास बातें**

- निगम अमले ने जेसीबी मशीन लगाकर नाले की सफाई कराई सुगम
- महापौर के निर्देश पर जोन 6 अमले ने लिया एक्शन





### अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध, जोन दफ्तर में हंगामा

नगर निगम जोन 8 और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया। इस दौरान एक भोजनालय को तोड़ने की कार्रवाई को लेकर प्रभावितों ने इसका जमकर विरोध किया। प्रभावितों ने जोन 8 दफ्तर में पहुंचकर हंगामा किया। जोन दफ्तर के सामने लगाए गए कांच तोड़ डाले साथ ही परिसर में खड़े निगम के एक वाहन को क्षति पहुंचाई। पुलिस ने बड़ी मशक्कत से हंगामा करने वाले को हिरासत में ले लिया।

## खबर संक्षेप

### नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि 7 को



रायपुर। सतनामी समाज के लौहपुरुष, आरडीए और मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष तथा गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक सतलोकी नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में 7 जून को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सुरता नरसिंह मंडल कार्यक्रम भी होगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शनिवार को बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग सांस्कृतिक भवन प्रांगण में एकत्रित होकर वहां स्थापित स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अधूरे समाजोत्थान के कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।

### संत कबीर जयंती समापन समारोह 7-8 जून को



रायपुर। राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा का समापन 7 व 8 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी ने क्षेत्र के रहवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## भू-राजस्व संहिता में नए सिरे से अधिकारों का प्रत्यायोजन, पुरानी सभी अधिसूचनाएं रद्द

# उपखण्ड अधिकारियों को दिए गए कलेक्टर के समान अधिकार, सभी पुरानी सूचनाएं रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 28 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 24 के अंतर्गत पूर्व में जारी सभी अधिसूचनाओं को रद्द कर दिया है। यह निर्णय 1 जनवरी 2024 से प्रभावशील सभी अधिसूचनाओं को निरस्त कर उनके स्थान पर नवीन अधिकारों का पुनर्निर्धारण करने के उद्देश्य से लिया गया है।

- समस्त तहसीलदार को उन्हें आवंटित क्षेत्राधिकार में होंगी

नवीन अधिसूचना के अनुसार, संहिता की धारा 60, 222, 223, 224 एवं 226 के अंतर्गत अब उपखण्ड अधिकारियों को कलेक्टर के समान अधिकार प्रदान किए गए हैं, परन्तु यह अधिकार उन्हीं सीमाओं में प्रभावी होंगे, जो उन्हें कलेक्टर द्वारा सौंपे गए हैं। नगरीय क्षेत्र की भूमि के संबंध में उपखण्ड अधिकारी की शक्तियों और संहिता की धारा 93 एवं 94 के अधीन कलेक्टर की शक्तियां नजूल अधिकारी के रूप में कार्यरत संयुक्त या डिप्टी कलेक्टर को होगी तथा नजूल अधिकारी के आदेशों की अपील धारा 44 के तहत कलेक्टर को होगी। संहिता की धारा 143 के अंतर्गत उपखंड अधिकारी की शक्तियां क्षेत्राधिकार में होंगी। समस्त तहसीलदार को उन्हें आवंटित क्षेत्राधिकार में होंगी।

### इन्हें भी होगा बकाया वसूली का अधिकार

छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के अधीन स्थापित समस्त विकास प्राधिकरणों में कार्यरत सभी संपदा अधिकारियों को अधिनियम की धारा 63 क के अधीन बकाया की वसूली के लिए उनके क्षेत्राधिकार के भीतर होगी। विद्युत मंडल के अपर अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, अपर कार्यपालन यंत्री तथा सहायक यंत्री को विद्युत मंडल की बकाया की वसूली के लिए उनके क्षेत्राधिकार के भीतर होगी।



### वसूली के अधिकार भी दिए गए

*संहिता की धारा 146 एवं 147 के अधीन तहसीलदार की शक्तियों, समस्त उपखंड अधिकारी (वन) को उन्हें आवंटित क्षेत्राधिकार के भीतर, भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 82 के अधीन भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूलीयोग्य धन की वसूली के लिए होगी। समस्त पंचायत तथा समाज कल्याण संगठकों को निदेश पंचायत अधिनियम के अधीन भू-राजस्व के बकाया की भांति वसूल किए जाने वाले समस्त बकाया कर के संबंध में होगी। समस्त जिला पंजीयक एवं कलेक्टर स्टाम्प को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर बकाया की वसूली के लिए होगी। जिला उद्योग केंद्रों के समस्त महाप्रबंधकों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर मार्जिन मनी की बकाया की वसूली के लिए होगी। जल संसाधन विभाग के उपखंडों में कार्यरत समस्त उपयंत्रियों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर धारा 155 के अधीन भू-राजस्व की बकाया के तौर पर जल करों की वसूली के लिए होगी। समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 तथा छत्तीसगढ़ मनोरंजन शुल्क एवं विज्ञापन कर अधिनियम, 1936 के अधीन बकाया की वसूली के लिए उनके क्षेत्राधिकार के भीतर होगी।*

### कलेक्टर देंगे नायब तहसीलदारों को प्रभार

जारी अधिसूचना में संहिता के अधीन समस्त स्थायी नायब तहसीलदारों, जो नायब तहसीलदार के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हुए हों, 2 वर्ष की सेवा पूरी की हो एवं विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण हों, को उन्हें कलेक्टर से आवंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी। समस्त स्थायी नायब तहसीलदारों, जिन्होंने सीमित भर्ती परीक्षा पदोन्नति से नियुक्ति प्राप्त की हो एवं नायब तहसीलदार के पद पर 2 वर्ष की सेवा पूरी हो, को उन्हें कलेक्टर से आवंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी। इसी तरह समस्त अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिन्हें तहसीलदार या नायब तहसीलदार के प्रभार का निर्वहन करने के लिए कलेक्टर द्वारा क्षेत्राधिकार आवंटित किए जाएं, को उन्हें कलेक्टर से आवंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी। संहिता की धारा 128 (2) एवं 130 तथा अविवादित मामलों के संबंध में धारा 110, 178, 178-क एवं 178-ख के अंतर्गत तहसीलदार की शक्तियां छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के अधीन गठित ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर होगी।

### तहसीलदारों को दिए गए ये अधिकार

संहिता की धारा 248 के अधीन तहसीलदार की शक्तियों एवं धारा 248 एवं 172 के अंतर्गत उपखंड अधिकारी की शक्तियां, नया रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर के क्रमशः सहायक प्रबंधक (भूमि) को एवं उप-प्रबंधक (भूमि) को प्राधिकरण की भूमि में होगी।संहिता की धारा 248 के अधीन तहसीलदार की शक्तियों लोक निर्माण के उपखंड के प्रभार वाले सहायक यंत्रियों और कनिष्ठ यंत्रियों को लोक निर्माण विभाग की भूमि के संबंध में उन्हें आवंटित क्षेत्राधिकार में होगी। संहिता की धारा 146 एवं 147 के अधीन तहसीलदार की शक्तियां, विक्रय कर पदाधिकारियों, अपर विक्रय कर पदाधिकारियों एवं सहायक विक्रय कर पदाधिकारियों को, इनके आदेशों के संबंध में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की शक्तियों सहायक विक्रय कर आयुक्तों को तथा इनके आदेशों के संबंध में द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी की शक्तियों उपायुक्त विक्रय कर को उनके क्षेत्राधिकार में छत्तीसगढ़ जनरल टैक्स एक्ट, 1958, सेंट्रल सेल्स टैक्स एक्ट, 1956, छत्तीसगढ़ शुगर केन (परचेज टैक्स) एक्ट, 1961, छत्तीसगढ़ वृत्ति व्यापार आजीविका एवं सेवायोजन कर अधिनियम, 1966, छत्तीसगढ़ विक्रय राशि तथा क्रय राशि पर कर अधिनियम, 1972, छत्तीसगढ़ स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976, छत्तीसगढ़ उपकर अधिनियम, 1981, होटल तथा वासगृहों में विलास पर कर अधिनियम, 1988, के अधीन कर के बकाया की वसूली के लिए होगी।

## मेकअप आर्टिस्ट ने छठवीं मंजिल से कूदकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित एक अपार्टमेंट के छठवें माले से एक युवती ने कूदकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या की वजह एक्स ब्वॉयफ्रेंड द्वारा परेशान करना बताया जा रहा है। युवती मूलतः भिलाई खुर्सीपार की रहने वाली है। रायपुर में वह मेकअप आर्टिस्ट का काम करती थी। पिछले तीन महीने से वह खाली बैठी थी। जिस अपार्टमेंट से कूदकर युवती ने खुदकुशी की है, वहां वह अन्य सहेलियों के साथ किराए पर रहती थी। पुलिस के अनुसार, जसविंदर कौर उर्फ जस्सी ने खुदकुशी की है। वह साईं ड्रीम्स होम्स में दो सहेलियों के साथ किराए पर फ्लैट लेकर रह रही थी। घटना रात 12 बजे की है। घटना के समय जसविंदर की एक सहेली काम पर गई हुई थी, दूसरी सहेली रूम में सो रही थी। पुलिस के मुताबिक घटना से एक दिन पूर्व जसविंदर का अपने ब्वॉयफ्रेंड से विवाद हुआ था। इसके बाद से युवती तनाव में थी।

- अमलीडीह स्थित साईं ड्रीम्स होम्स में किराए के फ्लैट में रहती थी युवती

### दोस्तों ने दी प्रताड़ना की जानकारी

मृतका के दोस्तों ने पुलिस को उसके एक्स ब्वॉयफ्रेंड द्वारा परेशान किए जाने की जानकारी दी है। युवती कुछ समय पहले तक रायपुर में काम करती थी, लेकिन अभी काफी समय से खाली बैठी थी, जिससे वह और तनाव में थी। जस्सी की मां विशाखापट्टनम में रहती हैं, जिन्हें सूचना दे दी गई है। युवती की खुदकुशी के बाद पुलिस मृतका के एक्स ब्वॉयफ्रेंड तथा अन्य से पूछताछ कर रही है।

# खारुन दाई के आजादी पदयात्रा का रायपुरा में आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में बढ़ते प्रदूषण, अत्याधिक शोषण, अवैध कब्जा, अवैध उत्खनन, औद्योगिक अपशिष्ट व जलशोधन बिना नालों के पानी को खारुन में छोड़े जाने खिलाफ छत्तीसगढिया क्रांति सेना व तटवर्तीय ग्रामीणों द्वारा 5 दिवसीय पदयात्रा कर शासन-प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कराने व जनजागरण का संदेश देने इस पदयात्रा का आयोजन किया गया है।

इस पदयात्रा मे भारी संख्या में महिलाओं व युवाओं की सहभागिता देखने को मिली। रास्ते के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच व प्रतिनिधियों ने पदयात्रा का जोरदार स्वागत कर जलपान, पानी, चाय बिस्किट, छाछ व भोजन का स्वस्फूर्त इंतजाम कर हौसला-अफजाई की। इस मौके पर छत्तीसगढिया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के



नेतृत्व में सुंगेरा गांव की सैकड़ों महिलाओं व ग्रामवासियों ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 2 बजे महादेवघाट रायपुरा पहुंचकर सभा के बाद शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर खारुन आरती कर पदयात्रा का समापन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस पूरे आयोजन को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने अपना समर्थन देते हुए पदयात्रा में सहभागी रही। केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पूरे रास्ता पदयात्रा कर तय करते महादेवघाट पहुंचेंगे।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार धीमी, 7 हजार से अधिक लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या 7 हजार से अधिक है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को बार-बार कलेक्टोरेट या तहसील दफ्तर के चक्कर काटने न पड़ें।

- त्रुटि सुधार के मामलों में अधिकारी स्वयं त्वरित कार्रवाई करें : कलेक्टर

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक लेकर राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यालयों में कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। त्रुटि सुधार के मामलों में अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें।

उन्होंने सीमांकन एवं पात्र खसरे के बटांकन जैसे प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने तथा भू-अर्जन, भू-आवंटन मामलों में जल्द आवेदन बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचायत एवं आरसीसी (राजस्व न्यायालय) से संबंधित मामलों में पेशी की संख्या बढ़ाने एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में आम जनता को शीघ्र राहत मिले, यह शासन की प्राथमिकता है।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ में दो नई शाखाओं का किया उद्घाटन

रायपुर। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए दो नई शाखाओं का उद्घाटन किया। इनमें एक शाखा राजधानी रायपुर में स्थित है, जो विशेष रूप से कॉर्पोरेट सेक्टर को ध्यान में रखते हुए इमर्जिंग कॉर्पोरेट क्रेडिट शाखा के रूप में शुरू की गई है, जबकि दूसरी शाखा कांकेर जिले के चरामा में आम नागरिकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से खोली गई है। रायपुर की नई कॉर्पोरेट शाखा से टर्म लोन, कार्यशील पूंजी वित्त, ट्रेजरी सेवाएं तथा एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट फाइनेंसिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जो राज्य के कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए एक बड़ा लाभ साबित होंगी। इन दोनों शाखाओं का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव और रायपुर आंचलिक प्रबंधक गायत्री कम्पा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने कहा, हमारे इस नए कदम से न केवल स्थानीय कॉर्पोरेट जगत को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नया आयाम प्राप्त होगा। बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा, 100 अत्याधुनिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार

रायपुर। जलस्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए रायपुर जिला प्रशासन और नगर निगम की पहल पर क्रेडाई छत्तीसगढ़ से जुड़े बिल्डर्स ने बड़ा कदम उठाया है। जनहित में की गई प्रशासनिक अपील पर अमल करते हुए बिल्डरों ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट साइट्स पर करीब 80 से 100 अत्याधुनिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किए हैं, जिनमें से प्रत्येक की लागत लगभग 2 लाख रुपए है। यह सिस्टम लाखों लीटर वर्षा जल को संग्रहित करने में सक्षम हैं, जिससे शहर में भूजल स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। क्रेडाई अध्यक्ष पंकज लाहोटी और सचिव अभिषेक बच्छावत ने इस पहल की विस्तृत जानकारी दी।



### कोलंबिया कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

रायपुर। कोलंबिया कॉलेज, रायपुर एवं छत्तीसगढ़ एजुकेशनल सोशल एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षा में अनुसंधान उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना' विषय पर छह दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के शिक्षकों को अनुसंधान के क्षेत्र में दक्षता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन किशोर जादवानी, चेयरमैन, जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा क्षेत्र में अनुसंधान की भूमिका और उसके राष्ट्रीय विकास में योगदान को रेखांकित किया। विशेष अतिथि हरजीत सिंह हूरा, सचिव, जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी ने शिक्षकों में सतत नवाचार और शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## निधन

### उमेदचंद गोलछा



रायपुर। शांति रेसिडेंसी आम्रपाली सोसायटी निवासी उमेदचंद गोलछा (78) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकाली जाएगी। वे स्व. शिवराज गोलछा के पुत्र, सचिन व राबिन गोलछा के पिता थे।

### प्रेम तनवानी



रायपुर। पानी टंकी के पास गोल्डन टॉवर अमलीडीह निवासी प्रेम तनवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जून को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश, सन्नी तनवानी के पिता थे।

### केशवराम साहू



रायपुर। खरोरा कोसरंगी निवासी केशवराम साहू का 3 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जून को कोसरंगी में किया गया। वे उर्मिला साहू के पति और नूतन साहू, दादू के पिता थे।

### प्रदीप शर्मा



रायपुर। स्टेट बैंक कॉलोनी महोबा बाजार निवासी रविवि से सेवानिवृत्त प्रदीप शर्मा का 4 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विनोद शर्मा के बड़े भाई और प्रतीक शर्मा, ईशा शर्मा के पिता थे।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी विदाई



रायपुर। पुलिस विभाग में लंबे अरसे से सेवा देने वाले चार पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह सहित अन्य अफसरों ने विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिन पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई, उनमें एएसआई डूमन सिंह दीवान, लवकुमार ध्रुव, हेड कांस्टेबल अश्वनी पटेल, संकर्षण मिश्रा के नाम शामिल हैं।

### बाइक सवार से लूट, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर। अभनपुर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके दो साथियों के खिलाफ कैश तीन हजार रुपए लूटने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेमलाल साहू ने हितेश ध्रुव तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हेमलाल ने पुलिस को बताया कि हितेश तथा उसके साथियों ने परसदा आमदी मोड़ के पास उसकी बाइक रोक ली और जेब में रखी नकदी लूट ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद हेमलाल का भाई आरोपियों के गांव गया तो वापस लौटने के दौरान बदमाशों ने हेमलाल तथा उसके भाई के साथ मारपीट की।

### शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर लाख की ठगी

रायपुर। खमतराई थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग का कारोबार करने का झांसा देकर 10 लाख 40 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्रीनगर निवासी हितेंद्र पटेल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। हितेंद्र ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा लाभ मिलने का झांसा देकर एक लिंक भेजा, लिंक डाउनलोड करने पर जालसाज ने हितेंद्र के अकाउंट से 10 लाख 40 हजार रुपए आहरित कर ठगी की।

### फ्लिपकॉर्ट के गोदाम से सवा लाख की चोरी

रायपुर। आमानाका थाने में फ्लिपकार्ट कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोदाम का ताला तोड़कर एक लाख 27 हजार रुपए के इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोष साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने 7 से 22 मई के बीच तेंदुआ स्थित गोदाम से इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी की है।

### सूने मकान में धावा, 70 हजार की चोरी

रायपुर। विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान में दबिश देकर नकदी 40 हजार रुपए सहित 70 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सकरी निवासी गंगा प्रसाद बारले ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गंगा प्रसाद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर 30 मई से 4 जून के बीच उसके सूने मकान का दरवाजा तोड़ नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

## पेज 11 के शेष ...

### बादलों के प्रभाव से ठिठका...

को छाए बादलों की वजह से राजधानी का तापमान 37 डिग्री से अधिक नहीं बढ़ पाया और राजनांदगांव का पारा 38 डिग्री सेल्सियस पर ठिठका रहा। अभी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी, तापमान में तेजी का असर तीन-चार दिन बाद ही नजर आएगा।

### ट्रेन में वेटिंग टिकट की...

2.45 बजे रवाना होकर कछपुरा 10.10 बजे एवं मदन महल 10.30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं दुर्ग में होगा। इसमें 1 एसएलआरडी, 1 एसएलआरआरएम, 8 स्लीपर, 3 एसी-4 तथा 1 एसी-1 सहित कुल 15 कोच होंगे।

### गुंडागर्दी थम नहीं रही...टकराने...

संतोष पर हमला कर दिया। चाकू संतोष के पैर में जा धंसा तो संतोष ने हिम्मत दिखाई और भागकर सीधे तेलीबांधा थाने पहुंच गया। खून से लथपथ युवक को देखकर थाने में हड़कंप मच गया। सूचना पर स्वयं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह थाने पहुंच गए। सक्रिय हुई पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है और उसके फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। देर रात पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

15



यूनिफार्म वाली स्कूल की पढ़ाई पूरी...

**लाइव इवेंट**

## ग्रीष्मकालीन शिविर में वीडियोग्राफी प्रशिक्षण विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें छात्रों को नवीन तकनीकों के उपयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है। बीते कई वर्षों से यह प्रयास जारी है।

### वीडियो एडिटिंग के दौरान तीन महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं

वीडियो एडिटिंग के प्रशिक्षक प्रो. हेमंत सहगल ने बताया कि वीडियो निर्माण की प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न होती है। इसकी बारीकियों को समझने के लिए प्रोडक्शन के हर पहलू से छात्रों को अवगत होना जरूरी है। इसमें नई तकनीकों और एप्लिकेशन की मदद से डिजाइन और यूनिक वीडियो तैयार किया जाता है। सभी एडिटिंग एक नई थीम में तैयार होती है। जिसके लिए नवीन तकनीकों की समझ जरूरी है। इस वर्ष भी छात्रों का उत्साह शिविर के दौरान देखने को मिल रहा है, जहां ना केवल शहर, बल्कि अन्य क्षेत्रों से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। प्रतिदिन संचालित शिविर में 20 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। यह शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेन्द्र राजपूत ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागी और ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा।

**सिटी इवेंट**

## पृथ्वी के जैसा रूप धरकर युवाओं ने की पर्यावरण बचाने की अपील



**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पृथ्वी के जैसी रूप बनाकर युवाओं ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। बुधवार को दोपहर 12 बजे मरीन ड्राइव तालाब के पास पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स इंडिया और वेगन्स ऑफ छत्तीसगढ़ के दो युवा सदस्यों ने अपने पूरे शरीर पर पृथ्वी की भौगोलिक आवरण जैसे जंगल, समुद्र, पहाड़, मैदान के स्वरूप बनाकर राहगीरों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि भोजन के लिए जानवरों को पालना प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक है, जो जलवायु आपदा में योगदान करते हैं। आहार परिवर्तन के साथ जलवायु परिवर्तन से लड़ें। 'कृपया शाकाहारी बनें' लिखी तख्तियां लिए दोनों युवाओं ने पर्यावरण की रक्षा के लिए उत्सुक किसी भी व्यक्ति को स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। भोजन के लिए जानवरों को पालना पर्यावरणीय गिरावट का एक प्रमुख कारण है क्योंकि इसके लिए भारी मात्रा में भूमि, ऊर्जा और पानी की आवश्यकता होती है। प्रत्येक शाकाहारी व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 200 जानवरों की जान बचाता है। इसके अलावा, जो लोग शाकाहारी भोजन खाते हैं, उनमें हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर होने का जोखिम कम होता है। भोजन के लिए जानवरों को पालना भी जल प्रदूषण और भूमि उपयोग का एक प्रमुख कारण है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने निष्कर्ष निकाला है कि जलवायु आपदा के सबसे बुरे प्रभावों से निपटने के लिए शाकाहारी भोजन की ओर वैश्विक बदलाव आवश्यक है। पेटा इंडिया उन लोगों के लिए एक निःशुल्क शाकाहारी स्टार्टर किट प्रदान करता है, जो बदलाव के लिए तैयार हैं।

### पोस्टर से दिया वीगन जीवनशैली अपनाने मैसेज



इस दौरान पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स इंडिया और वेगन्स ऑफ छत्तीसगढ़ के दो युवा सदस्यों ने अपने हाथों में पोस्टर लेकर आहार में बदलाव लाकर जलवायु परिवर्तन से लड़ने और वीगन जीवन शैली अपनाने का संदेश शहरवासियों को दिया। मरीन ड्राइव तालाब के पास पृथ्वी का रूप धारण किए दोनों युवा सदस्य आकर्षण के केंद्र में रहे। इससे लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति अच्छी जागरूकता का संदेश गया।



● शहर में युवाओं के ग्रुप ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और समिति से जुड़कर भी प्रकृति प्रेमी संवार रहे पर्यावरण

# प्रकृति के बीच होने का एहसास देने वर्षों पहले रोपे पौधों से अब मिल रही सुकून की छांव

'शहर में कई ऐसे प्रकृति प्रेमी युवाओं के ग्रुप हैं, जो लोगों को प्रकृति के बीच होने का एहसास देने कई वर्षों से पौधरोपण और उसे वृक्ष के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयास से अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुकून की छांव भी मिल रही है। इसके लिए किसी ने कचरे के ढेर की जगह उद्यान तो किसी यूनिवर्ससिटी कैम्पस में ही पर्यावरण को हरा-भरा रखने सौ से ज्यादा पौधे रोपे और उनकी देखभाल की। एक समिति से जुड़े प्रकृति प्रेमियों ने तो श्मशान घाट के एक हिस्से में पुरखा उद्यान विकसित किया है, जो अब भीषण गर्मी में भी लोगों को राहत की छांव दे रहा है।'



### 11 मेंबर्स के सहयोग से तैयार हुए 400 पेड़

*टिकरापारा में सरजूबांधा नया तालाब श्मशान घाट विकास समिति की पहल पर करीब 4 एकड़ एरिया में 1998 में पहली बार शीशम के सौ पौधे वन विभाग की मदद से रोपे गए, जो अब विशाल वृक्ष का रूप ले चुके हैं। इसके बाद समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने 11 मेंबर्स के साथ मिलकर जन भागीदारी से तीन साल पहले 'एक पौधा पुरखा के नाम' थीम पर अभियान चलाया। इससे 400 पौधे रोपे गए। इनकी देखभाल के लिए बाउड्री और ग्रिलिंग करने से गार्डन का रूप लिया है। सालभर पहले 'एक पौधा मां के नाम' थीम पर एक हजार नए पौधे रोपे गए। इनको बचाने और देखभाल के लिए माली और चौकीदार समिति ने नियुक्त किया है।*



### हर सप्ताह श्रमदान से करते हैं सफाई

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि करीब तीस साल किए गए अथक प्रयास से अब उपवन गर्मी में भी हरा-भरा रहता है। लोग सुकून की छांव के लिए पुरखा उद्यान में आते-जाते हैं। वहां लोगों को बेहतर माहौल मिले, इसलिए हर संडे को समिति के सभी मेंबर्स श्रमदान करते हुए सफाई करते हैं। यह प्रक्रिया आदत का हिस्सा है। लोग सुबह स्वयं ही श्रमदान के लिए पहुंचते हैं। इससे चार एकड़ एरिया हरा-भरा हो गया। यहां पौधे रोपने वाले भी कभी-कभी पुरखा और मां के नाम से रोपे गए पौधों की सुध लेने भी पहुंचते हैं।



**रायपुर।** शहर में अलग-अलग क्षेत्र के युवा ग्रुप बनाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में लगे हुए हैं। इससे पुरानी बस्ती क्षेत्र भी अछूता नहीं है। महाराजबंद तालाब के पास 6 हजार वर्गफीट जमीन पर नौ साल पहले लोग कचरा फेंकते थे। इससे इस रूट से आने-जाने वाले लोगों को बदबू के चलते दिक्कत होती थी। अब उसे युवाओं ने ग्रुप बनाकर 600 से ज्यादा पौधे रोपे, जो वृक्ष का रूप ले चुके हैं। घूमने-फिरने वाले लोगों को हरियाली के बीच हनुमान वाटिका में सुकून की छांव मिलती है। इसके पहले महामाईपारा, ठेठवारपारा और पटेलपारा के लोगों को घूमने-फिरने और सुकून के पल बिताने के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता था।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष





### बरगद-पीपल जैसे कई तरह के वृक्ष

वाटिका की सफाई और पानी देने की जिम्मेदारी निभाने वाले दीप कुमार सपहा, मोहन वंशी और रोहित यदु के प्रयास से जहां अभी हरियाली देखने को मिल रही है, वहां नौ साल पहले लोग कचरा डंप करते थे। आसपास लोगों ने कब्जा भी शुरू कर दिया था। जमीन बचाने व उसे उपयोगी बनाने का 6 युवाओं ने संकल्प लिया। जब जगह को श्रमदान से साफ करने की मुहिम तेज की गई तो अन्य युवा आम, नीम, आंवला, बरगद, बेल, कदम के पौधे लगाने के लिए आगे आए। उसे बचाने के लिए तालाब से पानी लाने के बाद सिंचाई शुरू की गई, अब बोर से पानी देते हैं। पौधों को बचाने के लिए चारों तरफ ग्रिलिंग की है।

### लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग करने संगोष्ठी

*विश्व पर्यावरण दिवस पर महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा गुरुवार को लोगों को सजग करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में शाम 6 बजे होगा। मंडल की उपाध्यक्ष व पर्यावरण समिति की समन्वयक गीता श्याम दलाल ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि विशेषज्ञ डॉ. विजय जैन और डॉ. जेएस उरकुरकर उपस्थित रहेंगे। जो घर को पेड़-पौधों से सजाने के लिए टिप्स देंगे। घर पर किस-किस प्रकार के पौधे को लगाना सही होगा, इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। संगोष्ठी का उद्देश्य वर्तमान परिवेश में पर्यावरण के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाने की दिशा में प्रयास और प्रत्यक्ष कार्यों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे।*

### पर्यावरण सप्ताह के समापन पर प्रतिभागियों का सम्मान

*एनआईटी में सात दिवसीय विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का सिलसिला चला। बुधवार को परिसर में प्लास्टिक इंडस्ट्री विजिट और व्याख्यान किया गया। इसमें पर्यावरण के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जानकारी दी। 5 जून को सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का दौरा कराया गया, जहां उनको प्लास्टिक उद्योग की जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और प्रतिभागियों को प्लास्टिक के महत्व, अनुपयोग और प्लास्टिक उत्पादों के उचित निदान को बढ़ाना था। इस मौके पर डॉ. डीसी झारिया, डॉ. जीपी गुप्ता, डॉ. देबाशीष मिश्रा, डॉ. मीना मुर्मू ने मार्गदर्शन किया।*

## नौकरी करते रोपे थे 100 पौधे, वे अब पेड़ बन गए लगाव इतना कि रिटायरमेंट के बाद भी कर रहे देखभाल





पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त अनुविभाग अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने खुद देखरेख व खर्च से कैंपस की सड़क किनारे रोपे हैं 100 पेड़

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के वित्त विभाग के पूर्व अनुविभाग अधिकारी प्रदीप मिश्रा द्वारा कैंपस में रोपे 100 नन्हे पौधे अब 8 साल के पेड़ बन गए हैं। नौकरी के दौरान खुद के खर्च पर विश्वविद्यालय कैंपस की सड़कों के किनारे खाली जगह पर पेड़ लगाने विवि प्रबंधन से विशेष स्वीकृति लेकर 2017 में करीब 100 फलदार, छायादार पौधे रोपे थे। मिश्राजी साल भर पहले नौकरी से रिटायर हो गए, पर वे उन पेड़ों को आज भी पानी सिंचने महीने में 2 से 4 बार कैंपस जाते हैं। 63 साल के सेवानिवृत अनुविभाग अधिकारी प्रदीप मिश्रा बताते हैं कि उन्हें पेड़ लगाने का ख्याल 2017 में तब आयाए जब उनकी मां का स्वर्गवास हुआ। अशांत मन को शांत करने एक-एक पौधा लाकर कैंपस के खाली जगहों पर रोपता चला गया। इन पौधों की देखभाल में नौकरी के बचे 7 साल कैसे निकल गए, पता ही नहीं चला। मेरे रोपे सभी 100 पौधे जीवित हैं। वे अब नन्हे पौधे से 15 -20 फीट तक ऊंचे 8 साल के पेड़ बन गए हैं। इन पेड़ों से मेरे माता-पिता, रिश्तेदारों की यादें जुड़ी हुई हैं। क्योंकि, मेरे माताजी, पिताजी, दादाजी, सास, ससुर, दोस्तों के नाम पर इन पेड़ों का नामकरण भी कर दिया हूं। मैं शहर की पुरानी बस्ती में रहता हूं, जहां से महीने में 2-4 बार इन पेड़ों की हालचाल जानने, इनसे बातें करने जाता जरूर हूं। इन पेड़ों के पास आकर, इनके छांव में मैं बैठकर, इन्हें पानी देकर मुझे यह अहसास होता है कि मैं अपने माता-पिता व पूर्वज रिश्तेदारों से मिलकर उनकी सेवा कर रहा हूं। इन पेड़ों को हरा भरा देखकर मुझे सुकून मिलता है। इन पेड़ों की सेवा करके मैंने खुद को प्रकृति के करीब लाया है। मैं अपील करता हूं कि हर कोई अपने जीवन में कम से कम 1 पौधा रोपकर उनके पेड़ बन जाने तक जरूर सेवा करें।



## समाज लाइव

# शक्तिपीठ में किया गायत्री महामंत्र का अखंड जाप, आज गंगा दशहरा



**रायपुर।** समता कॉलोनी में गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा कई महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में गायत्री परिवार द्वारा मां गायत्री की विशेष पूजा- अर्चना के साथ भव्य श्रृंगार कराया जाएगा। शक्तिपीठ से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 4 जून को 12 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्रों का जाप हुआ। सुबह 6 से शाम 6 तक लगातार चले मंत्र जाप में गायत्री परिवार के ट्रस्टियों, वरिष्ठ सदस्यों और परिजनों के साथ भक्तों ने भी भाग लिया। साथ ही 5 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह मां गायत्री का 10 स्नान के साथ भव्य श्रृंगार और आरती की जाएगी।

### आज कराए जाएंगे विविध संस्कार

इसके बाद शक्तिपीठ प्रांगण में संस्कारों के लिए निःशुल्क सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें विद्यारंभ, पुंवसन, अन्नप्राशन्न, जन्मोत्सव, विवाह दिवस, यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया जाएगा। महामंत्र जाप में गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, आदर्श वर्मा, शैलेश वर्मा, दीनानाथ शर्मा के साथ परिजन विशेष रूप से शामिल हुए। मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि इसके साथ ही रायपुर महानगर के भक्तों ने भी मंत्र जाप में भाग लिया।

## कैंपस लाइव

# विकसित कृषि से किसानों को जोड़ने के लिए नई पहल



**रायपुर।** वैज्ञानिकों की टीम और सहयोगी संस्थाओं की सक्रिय भूमिका और किसानों से दो-तरफ़ा संवाद की महत्ता बढ़ गई है। राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. पीके राय ने संस्थान में वार्ता के दौरान उक्त संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने बताया कि संस्थान किसानों की जरूरत के अनुरूप ही मांग - आधारित अनुसंधान से समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. राय ने बताया विकसित कृषि संकल्प अभियान से जुड़ी गतिविधियों से किसान जुड़े, ताकि विकसित कृषि संकल्प अभियान का लाभ और अधिक किसानों तक पहुंच सके। आगे बताया कि सामूहिक प्रयासों से किसानों को उन्नत तकनीक को अपनाने, उत्पादन को बढ़ाने और बेहतर जीवन स्तर की ओर अग्रसर होने में सक्षम बना सकता है।

### संयुक्त रूप से किया जा रहा प्रयास

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों की टीम ने भाग लिया। इनमें डॉ. ए. अमरेंदर रेड्डी, संयुक्त निदेशक (नीति समर्थन अनुसंधान) एवं प्रचार प्रभारी एवं डॉ. मुर्वेधन उपस्थित थे। टीम ने अभियान के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और विज्ञान-आधारित समाधानों के साथ छत्तीसगढ़ के 10 जिले के 49 गांवों में जाने के बाद ही 4100 से अधिक किसानों तक पहुंच बनाई। विकसित कृषि संकल्प अभियान वास्तव में 'एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम' की भावना को साकार कर रहा है। इसमें आईसीएआर संस्थान, केवीके, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और राज्य कृषि विभाग एक साझा दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत- विकसित कृषि की दिशा में काम कर रहा है।

## सिटी इवेंट

# राष्ट्रीय कांफ्रेंस 'समर्थ' में सीए के बीच विशेषज्ञ करेंगे शिरकत



**रायपुर।** सीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए अब 14 व 15 जून को राष्ट्रीय कांफ्रेंस 'समर्थ' का भव्य आयोजन पं. दीनदयाल ऑडीटोरियम में किया जाएगा। सीआईआरसी रायपुर ब्रांच और सिकासा रायपुर व भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से यह आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी तथा विशेष अतिथि डिप्टी सीएम विजय शर्मा होंगे। कांफ्रेंस डायरेक्टर सीए पंकज शाह, आईसीएआई (सीआईआरसी) रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा तथा सिकासा अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव की अगुवाई में होगा। सीए छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री से भेंट करके राष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए आमंत्रित किया। इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देशभर के लगभग दो हजार सीए छात्र भाग लेने वाले हैं।

### कई बड़े शहरों से आएंगे अतिथि वक्ता

इस राष्ट्रीय सेमिनार में उद्घाटन और आभार सत्र के अलावा कुल 8 सेशन होंगे। इसमें चार कौशल उन्नयन सत्र तथा चार ज्ञान सत्र होंगे। सभी सत्रों में अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित व अनुभवी वक्ता को आमंत्रित किया है। इनमें इंदौर से सीए धवल कोठारी, मुंबई से सीए अनिषा जैन, दिल्ली से सीए अवप्रीत नंदा तथा सीए इंदरजीत कौर भामरा शिरकत करेंगे। कोलकाता से ईशा जायसवाल, मुंबई से भवन बोराना, शुभम सिंघल तथा डॉ. तनुश्री नेरल के साथ ही भ्रमर जैन, जीएस अग्रवाल, जीजी अग्रवाल और बीएल अग्रवाल वक्ता के रूप में शामिल होंगे। विशेषज्ञ के रूप में वे अनुभव और मार्गदर्शन सीए छात्रों को देंगे।

## राजधानी के कॉलेज कैंपस में रौनक बढ़ने से पहले युवाओं का रुझान बदलते फैशन के ट्रेंड की ओर

# यूनिफार्म वाली स्कूल की पढ़ाई पूरी, अब कॉलेज कैंपस में बैगी जींस क्रॉप टॉप, जर्सी शर्ट, प्रिंटेड टी-शर्ट से कूल लुक के साथ होगी एंट्री

ब्यॉज-गर्ल्स दोनों के लिए न्यू वियर कलेक्शन में कंफर्ट वियर्स सबसे ज्यादा ट्रेंड में है। इसमें ब्यॉज के लिए बैगी जींस, डाउन शोल्डर शर्ट और टी-शर्ट, बूट कट, बॉम्बर पेयर, पैलर ऑन डिमांड है तो गर्ल्स के लिए ऑफ शोल्डर टी-शर्ट, शार्ट टॉप, लॉगर स्कट, वन पीस गाउन पार्टी वीयर पैटर्न और लखनवी ड्रेस को कैरी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ नगर मेनरोड स्थित फैशन शो रूम के शोएब ने बताया कि अभी कॉलेज जाने वाले नए यूथ में फैशन को लेकर हमेशा से क्रेज रहता है।

### अप-टू -डेट दिखने पूरी तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स

पुरानी बस्ती स्थित फैशन शो रूप के व्यापारी ने बताया कि मेन्स- वुमन्स वीयर दोनों ही शो रूम में मानसून सीजन को लेकर नए वीयर्स कलेक्शन आ गए हैं। जिसको लेकर खासकर नव प्रवेशित कॉलेज स्टूडेंट्स अपने दोस्तों के साथ मनपसंद की टॉप डिजाइनर्स के डिजाइन किए गए ड्रेसेस को सलेक्ट कर रहे हैं। फैशन को लेकर यूं तो हर साल नए छात्रों में ट्रेंड देखने को मिलता है। फिलहाल, नए छात्र अप -टू-डेट होकर कॉलेज कैंपस में छाने की तैयारी में जुटे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से मिलेगी स्मार्ट लुक

कॉलेज स्टूडेंट्स अपने पहनावे के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स को भी शामिल कर रहे हैं। जींस, टाप, कुरती, जैकेट्स, फॉर्मल गेटअप के साथ कलाइयों पर स्मार्ट वाच, हाथ पर स्मार्टफोन, कानों पर ईयरबड को भी शामिल किए हैं, ताकि इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स उनके पहनावे में और चार चांद लगा सके। शहर के बाजार से अपने सुविधा व बजट के मुताबिक फैशन संबंधित खरीदी स्टूडेंट्स कर रहे हैं।

**रायपुर।** फैशन कारोबार व डिजाइनिंग से जुड़े लोगों का कहना है कि 2025 में कॉलेज फैशन में कंफर्टेबल, तकनीक और स्थिरता के साथ-साथ पुरानी यादों और स्टेटमेंट एक्सेसरीज़ का मिश्रण दिखेगा। इस वर्ष कॉलेज कैंपस का फैशन बोल्ड, चमकीले रंगों और ग्राफिक प्रिंटों वाली कपड़े स्टूडेंट्स को अपने ओर आकर्षित कर रहे हैं। कपड़ों के अलावा खासकर गर्ल्स स्टूडेंट्स, लाइट वेट ज्वेलरी, फुटवीयर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे स्मार्टफोन, उसके एक्सेसरीज़ शामिल हैं। शहर के गोल बाजार, पुरानी बस्ती रोड पर स्थित वीयर्स फैशन हाउस, वॉच, शूज के शो रूम पर स्टूडेंट्स की भीड़ दिखने लगी है। स्टूडेंट्स कॉलेज प्रवेश को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे



में कॉलेज कैंपस में दूसरों से अलग दिखने के लिए कंफर्टेबल एवं स्टाइलिश फैशन वीयर्स को अपने ड्रेसेस कलेक्शन में शामिल कर रहे हैं। ताकि वे पहली बार कॉलेज में कदम रखे तो पर्सनालिटी में कांफिडेंट्स व स्मार्ट लुक नजर आए।



### गर्ल्स को प्रीपी स्टाइल, इयररिंग्स, ब्रेसलेट्स पसंद

कॉलेज छात्रों के लिए फैशन मार्केट में कुछ नया देखने को मिल रहा है, जिसमें प्रीपी स्टाइल, स्मार्ट बेल्टस, इयररिंग्स, एंक्लेट्स, टो रिंग, ब्रेसलेट्स, स्मार्ट बेल्टस और बिना लैसेज वाले जूते जैसे एक्सेसरीज की मांग बढ़ रही है। पहली बार कॉलेज जाने वाले गर्ल्स अपने फैशन प्रजेंटेशन को लेकर काफी संजीदा हैं। ऐसे में बरसात के मौसम के अनुरूप मार्केट से अपने जरूरी फैशन सामग्रियों को कैरी कर रहे हैं।





### ऐसे होंगे फैशन स्टाइल

कम्फर्ट फैशन में कॉलेज के छात्रों के लिए आरामदायक कपड़े जरूरी हैं, और 2025 में यह ट्रेंड जारी रहेगा। टेक्नोलॉजी फैशन कॉलेज के छात्र तकनीक को अपने फैशन में शामिल करेंगे, जैसे कि स्मार्ट कपड़े। वहीं, सस्टेनेबल फैशन में कॉलेज के छात्र पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं और वे सस्टेनेबल फैशन को अपना रहे हैं। वॉय टू के फैशन 2000 के दशक की शुरुआत का फैशन वापस आ गया है, और 2025 में कॉलेज के छात्र इसे अपने फैशन में शामिल करेंगे। इसी तरह से स्टेटमेंट एक्सेसरीज में छात्राएं स्टेटमेंट एक्सेसरीज जैसे कि बड़े कान की बालियां और भारी नेकलेस को प्रीफर कर रहे हैं।

# व्यक्ति का अहंकार ही उसके विनाश का कारण है : वीणा दीदी

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर सेंटर में गीता ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके दूसरे दिन ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने व्यक्ति के अहंकार को लेकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी लोग अहंकार में इतराते थे, उन सभी का अन्त हो गया। भगवान को नकारकर, उनका अपमान करने वाला रावण, कंस जैसे वीर भी बच ना सके। गीता में भगवान ने अपना परिचय खुद दिया है, 'मैं देवताओं और महर्षियों से भी आदि हूं'। वीणा दीदी ने आगे कहा, व्यक्ति को परिवर्तन की शुरुआत खुद से करनी चाहिए, व्यक्तित्व का बदलना जरूरी है। कलयुग में 80 वर्ष की बुजुर्ग महिला से लेकर तीन-चार साल की बच्ची तक सुरक्षित नहीं है। आधुनिकता के दौर में व्यक्ति का मनोभाव और बातों का अर्थ बदल गया है।



### नई सोच के साथ आगे बढ़ते रहें

गीता महोत्सव के दौरान जीवन के मूलभूत व्यवहारों की जानकारी दी जा रही। व्यक्ति को तनाव से दूर, शांत जीवन की राह में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। व्याख्याता ने कहा कि व्यक्ति को खुश रहने के लिए गीता श्लोक को पढ़ना प्रारंभ करना चाहिए। जहां जीवन के हर एक पढ़ाव और व्यक्तित्व का ज्ञान मिलेगा। इससे ना केवल ज्ञान की प्राप्ति होगी, बल्कि एक नवीन जीवन की शुरुआत आप महसूस करेंगे। गीता में कहा गया है कि व्यक्ति जिस भावना के साथ भक्ति करेगा, उसे उसका फल जरूर मिलेगा। बीते दिनों की बातों को भूलकर हमेशा नई सोच के साथ आगे चलें। जहां केवल जीवन की अच्छी यादों और सीख को साथ लेकर चलना ही सर्वश्रेष्ठ होता है।

# घर-घर संस्कार पहुंचाने के लिए गायत्री परिजनों ने लिया संकल्प

**रायपुर।** गायत्री परिवार के रायपुर उपजोन की त्रैमासिक गोष्ठी शदाणी दरबार में हुई। इसमें महानगर के अंतर्गत लगभग छह सौ भाई -बहनों ने भाग लिया। गोष्ठी में माताजी की जन्मशताब्दी के लिए घर-घर उनका संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उपजोन की गोष्ठी के संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने बताया कि परिवार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के लिए त्रैमासिक बैठक होती है। इसमें गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम अकेले विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से मिले दिशा निर्देश पर चर्चा और आयोजनों की जानकारी ली जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वर्ष 2026 में पूजनीय माताजी का जन्म शताब्दी वर्ष और शांतिकुंज हरिद्वार में जल रहे अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।



### हरिद्वार से आए हैं दो मंगल कलश सुसज्जित रथ

*मंगल कलश से सुसज्जित रथ प्रदेश के जिलों में गुरुदेव के संदेशों को पहुंचा रहे हैं। अभी छत्तीसगढ़ में दो मंगल कलश रथ जन-जन के बीच पहुंच रहा है। इसमें से एक रथ बस्तर क्षेत्र में जन-जन के बीच जाकर संदेश दे रहे हैं तो वहीं दूसरा मंगल कलाश्रित वर्तमान में महासमुंद जिले को पूर्ण करने के बाद बलौदा बाजार जिले में भ्रमण कर रहा है। अकेले महासमुंद जिले में लगभग ढाई हजार किलोमीटर मंगल कलश का भ्रमण हुआ। गुरुदेव श्रीराम शर्मा के संदेशों को पहुंचाया गया। शदाणी दरबार में आयोजित गोष्ठी में महासमुंद, बलौदा बाजार, भाटापारा, गरियाबंद और धमतरी से आए परिजन शामिल हुए।*

## राजधानी में कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, सूरत में तैयार डिजाइनर ब्राइडल दुपट्टा पहली पसंद

# वेडिंग सीजन में तीन-चार मीटर लंबे ट्रेल दुपट्टे का बढ़ा ट्रेड, ब्राइडल एंट्री के लिए इसमें भी कारीगरी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इस वेडिंग सीजन को खास बनाने में लोग कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए कोलकाता, दिल्ली, सूरत, मुंबई में तैयार जोर्जेट, ऑरगेंजा का ब्राइडल दुपट्टा दुल्हनों को आकर्षित कर रहा है। जहां कारीगर अपने हुनर से हैंडवर्क करके डिजाइनर दुपट्टा तैयार कर रहे। इसमें लाइट और हैवी वर्क होता है, जो दुल्हन को अपने लहंगे से मैचिंग डिजाइन और कलर का खरीदना पसंद हैं। शहर के चर्चित दुकानों में इनकी पूछ-परख बढ़ गई हैं। मुख्य रूप से कस्टमाइज दुपट्टा लोगों की डिमांड के लिहाज से अब तैयार किया जा रहा है। बजट और पसंद के साथ एक ही कलेक्शन और डिजाइन में आकर्षक एंट्री दुपट्टा और ब्राइडल दुपट्टा शामिल है। इसके लिए लोग मुंह-मांगी कीमत देने के बाद अलग से भी डिजाइन पर खर्च करने लगे हैं।





### बंधेज वर्क में तैयार कस्टमाइज दुपट्टा

खड्डी जोर्जेट में तैयार बंधेज वर्क का दुपट्टा शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे कोलकाता, दिल्ली और मुंबई के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। हैंड वर्क और कस्टमाइज रूप से तैयार दुपट्टा खास वर्क और डिजाइन में तैयार किया गया। इसमें मीना कारी, मोती और जरदोजी वर्क किया गया है। साथ ही दुपट्टा के बोडर में रंग-बिरंगे धागों की मदद से फूल बनाया गया है। यह दुपट्टा वेडिंग सीजन में सबसे अधिक पसंद करने वालों में एक है, जिसकी कीमत लगभग 7 हजार रुपए तय की गई है।

### इस सीजन में दुपट्टे की अधिक डिमांड

श्री शिवम से मुरली मूलचंदानी ने बताया कि शहर में इस वेडिंग सीजन ट्रेल दुपट्टा सबसे अधिक डिमांड में रहा है, जिसे लगभग 3-4 मीटर लंबा तैयार किया जाता है। यह कस्टमाइज ब्राइडल घुंघट दुपट्टा ऑरगेंजा फेब्रिक में बनाया गया है, जिसके बॉडर में रेशम का वर्क किया गया है। खासतौर पर यह दुपट्टा इस साल पहली बार ट्रेंड में आया, जिसके बाद शहर में भी इसकी डिमांड बढ़ने लगी। इस एक दुपट्टे की कीमत 10-20 हजार रुपए तय की गई है। वहीं, वर्क अधिक होने पर 25-30 हजार तक तैयार किया जाता है। कस्टमाइज दुपट्टा तैयार करने में 1 माह का समय लगता है, जिसे दूसरे राज्य के कारीगर तैयार करते हैं।



### डिजाइनर हैंडवर्क दुपट्टा पहली पसंद

समीर जैन ने बताया कि दुकान में सूरत और कोलकाता से दुपट्टा मंगाया जाता है, जो लाइट वेट में हैवी वर्क के साथ तैयार किया जा रहा है। वेडिंग सीजन के दौरान दुल्हनों के लिए 2-3 हजार में ही 10-15 से अधिक डिजाइन का डिजाइनर दुपट्टा दुकान में मंगाया जाता है। इसमें जरी वर्क और स्टोन ब्राइड की पहली पसंद बनी हुई है। कुछ लोग दुपट्टा लेने के बाद कारीगरों से अपनी पसंद का डिजाइन करवाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने खम्हारडीह थाना के पास महाप्रभु जगन्नाथ की मौसी माता गुंडिचा का घर बनाने नए सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में विधायक निधि से 24 लाख रुपए की लागत से नया सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। श्री मिश्रा ने वृंदावन कॉलोनी में 5 लाख की लागत से नया सामुदायिक भवन बनाने और रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू ,जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू, वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू, पार्षद कृतिका जैन, प्रदीप वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, कैलाश बेहरा, महेश ध्रुव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक मिला, जुर्माना

**रायपुर।** जोन-2 की स्वास्थ्य विभाग टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानों की स्वच्छता का निरीक्षण किया। इस दौरान 13 दुकानों में निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 3100 रुपए संबंधित दुकान संचालकों पर जुर्माना किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने की हिदायत दी गई।

### खेत में लगे दो मोटरपंप पार

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके खेत में लगे 80 हजार रुपए कीमत की दो मोटर पंप चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम कूंरा निवासी सूर्य कुमार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

### निगम कमिश्नर काउंसिलिंग में व्यस्त, मुलाकात नहीं हो सकी, गुरुवार को होगी बैठक

# शटर पर अटकी बात, निगम अफसरों ने व्यापारियों से मांगे दस्तावेज, कमिश्नर व्यस्त, नहीं हुई मुलाकात, आज मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 दुकानों में नियम विपरीत सड़क तरफ शटर खोलकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की दुकानों की सीलबंदी बुधवार को नहीं खुल पाई। मामला शटर पर जाकर अटक गया है। सीलबंदी की कार्रवाई का विरोध कर रहे व्यापारियों ने विधायक पुरंदर मिश्रा के जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में मुलाकात कर उनसे इस बारे में चर्चा की। चर्चा में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, जोन-2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, चैंबर आफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरल मोदी, महामंत्री प्रकाश अग्रवाल, पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के प्रबंध निदेशक चंदर विधानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

- प्रभावित कारोबारियों ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में विधायक पुरंदर मिश्रा से की मुलाकात
- अपर आयुक्त द्वय यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा रहे उपस्थित



पंडरी कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा सड़क तरफ नियम विपरीत दुकानों का शटर खोलकर कारोबार करने पर 19 दुकानों को मंगलवार को सीलबंद किया गया। मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन-2 की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। इस बहुप्रतीक्षित कार्रवाई से जहां आम जनता को ट्रैफिक जाम से राहत मिली, वहीं इसके विरोध में व्यापारियों ने मेन गेट पर ताला लगाकर विरोध जताया था। विधायक पुरंदर मिश्रा ने व्यापारियों की समस्या का समाधान करने निगम के अधिकारियों के साथ पंडरी कपड़ा मार्केट के प्रभावित कारोबारियों की बैठक रखी। निगम के अधिकारियों ने संबंधित व्यापारियों से दस्तावेज की मांग की। प्रभावित व्यापारियों ने जब उन्हें दस्तावेज देने चाहे तो कहा गया कि जोन कार्यालय में आकर दस्तावेज दें। विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपर आयुक्त द्वय और जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे से कहा कि दो दिन के अंदर सभी 19 व्यापारियों के दस्तावेज परीक्षण कर ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करते हुए बंद दुकानों के शटर खुलवाने की व्यवस्था करें।

पंडरी कपड़ा मार्केट के प्रभावित व्यापारी चैंबर अध्यक्ष और पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ निगम आयुक्त विश्वदीप से चर्चा करने वाले थे, पर निगम आयुक्त युक्तियुक्तकरण के काउंसिलिंग कार्य में व्यस्त होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी।

### नियमितीकरण कराकर जमा किया है शुल्क

गुरुवार को इस मामले में पंडरी के कपड़ा व्यापारी निगम आयुक्त से मुलाकात कर निगम मुख्यालय में बंद दुकानों के शटर खुलवाने आग्रह करेंगे। व्यापारियों का कहना है, हमने नगर निवेश विभाग से नियमितीकरण कराकर निर्धारित शुल्क जमा कराया है। इसलिए दुकानों को सीलबंद न किया जाए। वहीं निगम अफसरों का कहना है कि नियमतीकरण दुकानों का हुआ है, शटर का नहीं। इसलिए दस्तावेज का परीक्षण कर निगम आयुक्त से चर्चा के बाद ही इस पर जनहित में निर्णय लिया जाएगा।

## ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर बदलवाकर जालसाजों ने कारोबारी से ठगे साढ़े 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के पचपेड़ी नाका स्थित एक्सिस बैंक में जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर कारोबारी की ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर बदलकर 15 लाख 62 हजार रुपए ठगी की है। कारोबारी को ठगी की जानकारी बैंक का स्टेटमेंट लेने जाने के दौरान मिली। जालसाजों ने कारोबारी के अकाउंट से पैसे नेट बैंकिंग के माध्यम से आहरित किए हैं।



- कोतवाली थाना क्षेत्र के पचपेड़ी नाका स्थित एक्सिस बैंक की घटना

पुलिस के अनुसार, कारोबारी श्याम यादव का खाता एक्सिस बैंक पचपेड़ी नाका शाखा में है। ठगों ने पिछले माह श्याम के नाम से बैंक में आवेदन दिया, जिसमें मोबाइल नंबर और ई-मेल बदलने की मांग की गई थी। बैंक प्रबंधन ने आवेदन की जांच-पड़ताल किए बिना, फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी बदल दी। इसके बाद ठगों ने कारोबारी की नेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करते हुए खाते से रुपए आहरित कर लिए। जब श्याम यादव ने हाल ही में पासबुक अपडेट कराई, तब उन्हें ठगी की जानकारी मिली।

## तेलीबांधा थाने के सामने मालवाहक ने ट्रैफिक जवानों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक सिपाही का हाथ तो दूसरे का पैर टूटा
- घटना बुधवार रात नौ से साढ़े नौ बजे के बीच की





तेलीबांधा थाने के सामने ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे दो सिपाहियों को महाराष्ट्र पासिंग की एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। पिकअप के ठोकर लगने से एक सिपाही का हाथ तो दूसरे सिपाही का पैर टूट गया। दोनों सिपाहियों को उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर महासमुंद रोड की तरफ फरार हो गया। पिकअप वाहन की ठोकर लगने के ट्रैफिक सिपाही रज्जब खान के हाथ तथा केशव क्षत्री के पैर में चोट आई है। दोनों सिपाहियों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि बुधवार रात नौ से साढ़े नौ बजे के बीच जब वे ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। इसी दौरान टाटीबंध की तरफ से महाराष्ट्र पासिंग का एक पिकअप वाहन तेजी से आया और सिग्नल तोड़कर भागने लगा। इस दौरान मौके पर ट्रैफिक संभाल रहे दोनों ट्रैफिक जवानों ने पिकअप को रोकने की कोशिश की, तब चालक वाहन रोकने के बजाय उन्हें टक्कर मारते हुए महासमुंद मार्ग को ओर तेजी से वाहन चलाते हुए फरार हो गया। पुलिस के अनुसार पिकअप का नंबर ट्रेस कर लिया गया है। आरोपी वाहन चालक जल्द ही पकड़ा जाएगा।



## नर्सिंग ऑफिसर पदनाम की खातिर स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नर्सिंग ऑफिसर और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पदनाम की घोषणा किए जाने की मांग को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की।

नर्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि वर्ष 2014 में स्टाफ नर्स का पदनाम नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य पदों के पदनाम परिवर्तन करने का आदेश केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया था। राज्य में वर्ष 2016 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा पदनाम परिवर्तन की घोषणा की गई, मगर इसका आदेश जारी नहीं हो सका। वर्ष 2023 में स्वास्थ्य विभाग से विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विभाग में ये जानकारी मांगी गई कि पदनाम परिवर्तन चिकित्सा शिक्षा विभाग के नर्सिंग संवर्ग का करना है या संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग का..? जिसका जवाब विभाग द्वारा नहीं भेजा गया। वर्ष 2024 में पुनः पदनाम परिवर्तन हेतु निवेदन किया गया है। तत्पश्चात वर्तमान में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की ओर से सचिव को पत्र प्रेषित कर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के नर्सिंग संवर्ग के पदनाम परिवर्तन किए जाने का उल्लेख है।

## अम्मा चोलेवाली का वर्सी महोत्सव 7 को, सत्संग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में अम्मा चोलेवाली का वर्सी महोत्सव 7 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदास राम साहेब व संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में होगा। वर्सी महोत्सव में आशीर्वाद देने शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 11 गोदड़ीवाला धाम के बाबा भक्त, श्रद्धालु और रायपुर शहर के सभी लोग शामिल होंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी और पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि महोत्सव के दौरान सुबह 10 बजे गोदड़ीवाले बाबा की धुनी साहब का पाठ आरंभ होगा एवं मदाह साहब पाठ के बाद सत्संग, भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद शाम 5 बजे से गोदड़ीवाला धाम देवपुरी, रायगढ़, भाठापारा, चकरभाठा की विनोद चावला सत्संग मंडली के कार्यक्रम होंगे। रात 8 बजे धुनी साहब का भोग साहब व आरती साहब सत्संग, भजन कीर्तन के कार्यक्रम के बाद पल्लव साहब के साथ वर्सी महोत्सव का समापन होगा। धाम परिसर में पूरे दिन अखंड भंडारा चलता रहेगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी इंदरलाल सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश चौरानी, पवन प्रीतवानी, लाल खूबचंदानी, सुशील केसवानी, दिनेश डावानी , घनश्याम माखीजा, रॉकी काशवानी, सुनील काशवानी, जय पंजवानी, महेश हरजानी, शिवा खूबचंदानी, कमल खूबचंदानी आदि सहित सिंधी समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता तीजराम साहू पिता स्व. सुंदर लाल साहू, निवासी विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मेरे हक स्वामित्व की दुपहिया वाहन (होन्डा एक्टिवा) जिसका गाड़ी नं. CG04KV4651, चेचिस नं. ME4JF501KD7453000, ईंजन नं. JF50E70453081 है।
2. यह कि परिवहन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल में उक्त वाहन के स्वामी का नाम भुरवा राम साहू के नाम से पंजीकृत दिखा रहा है। जबकि मेरे द्वारा उक्त वाहन को किसी व्यक्ति को विक्रय नहीं किया गया है। ओरिजनल वाहन पंजीकरण में तीजराम साहू है।
3. यह कि परिवहन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल में वाहन स्वामी का नाम भुरवा राम साहू को सुधारकर मुझ शपथकर्ता का नाम तीजराम साहू दर्ज किया जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 3 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है। अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

दिनांक 04/06/2025

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़**

### :: आम सूचना ::

जारी दिनांक 03/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरियाकला प.ह.नं. 81, रा.नि.मं. 18, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक श्री अनिल खूबचंदानी पिता श्री गिरधारी लाल खूबचंदानी निवासी रायपुर खसरा नंबर 4/12 रकबा 0.0370 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन /बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन /बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक **16/06/2025** को समय **3.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन /बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन /बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

राजस्व निरीक्षक -18
रायपुर

HEALTH TOWN
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
ओपीडी 50% Off
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com
आयुर्वेद संजीवनी क्लिनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718
रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130
Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
ADMISSION OPEN NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.)
Contact to Add Your School - 79871-19756
रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778
इलेक्ट्रिक स्कूटी KOMAKI ELECTRIC VEHICLE DIVISION
अधिकृत विक्रेता
मेसर्स यज्ञ आटो कॉम्पोनेंट
8 रु. में 80 कि.मी.
प्रो. रंजन कुमार, मो. 8839612900
Ganpati Vihar, Near Car Wash, Kushalpur Chowk, Ring Road No. 1, Raipur (C.G.)
पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750
पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लायें, नया ले जायें
चादरें 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262




# पर्यावरण क्या है?

पर्यावरण किसी एक तत्व का नाम नहीं है बल्कि यह विभिन्न तत्वों के योग के मिलकर बना है। जो तत्व या चीजें हमें अपने आसपास नज़र आती हैं वही हमारा पर्यावरण है। पर्यावरण भौतिक और बल को दर्शाता है। पर्यावरण को वातावरण या स्थिति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें व्यक्ति, जीव या पौधे निवास करते हुए अपना हर कार्य करते हैं। मनुष्य के जीवन चक्र में पर्यावरण की मुख्य भूमिका होती है क्योंकि हम सभी सबसे अधिक पर्यावरण के ऊपर ही निर्भर हैं। पर्यावरण के पास प्राकृतिक चीजों का उत्पादन करने और सौंदर्य दर्शाने की शक्तियाँ मौजूद हैं। पर्यावरण वह स्थिति है जिसमें एक जीव जन्म लेता है, फिर उसकी जीवन प्रक्रिया चलती है और फिर एक समय ऐसा आता है जब उसका अंत होता है।यह जीवित जीव की वृद्धि और विकास को प्रभावित करता है।

अन्य शब्दों में कहा जाए तो पर्यावरण उस परिवेश को दर्शाने का काम करता है जो सभी सजीवों को चारों तरफ से घेरे रहता है और उनके जीवन को प्रभावित करता है। पर्यावरण वायुमंडल, जलमंडल, स्थलमंडल और जीवमंडल से बना हुआ है। मिट्टी, पानी, हवा, आग और आकाश पर्यावरण के मुख्य घटक हैं, जिन्हें हम पंचतत्व भी बोलते हैं। पर्यावरण ने हम सभी को एक आरामदायक जीवन जीने के लिए और ज़रूरत के अनुसार उनका उपभोग करने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधन प्रदान किए हैं। पर्यावरण का संबंध उन चीज़ों से है जो किसी वस्तु के बहुत पास है और उस पर उसका सीधा प्रभाव पड़ता हो। हमारा पर्यावरण उन चीजों या साधनों को दिखाता है जो हमसे हर रूप में अलग हैं और हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं।

पर्यावरण में वह सभी प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं जो कई तरीकों से हमारी मदद करते हैं तथा चारों ओर से हमें घेरे हुए हैं। यह हमें बढ़ने तथा विकसित होने का बेहतर माध्यम देता है, यह हमें वह सब कुछ प्रदान करता है जो इस ग्रह पर जीवन यापन करने हेतु आवश्यक है। हमारा पर्यावरण भी हमसे कुछ मदद की अपेक्षा रखता है जिससे की हमारा लालन पालन हो, हमारा जीवन बना रहे और कभी नष्ट न हो। तकनीकी आपदा के वजह से दिन प्रति दिन हम प्राकृतिक तत्व को अस्वीकार रहे हैं।

पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए हमें पर्यावरण के वास्तविकता को बनाए रखना होगा। पूरे ब्रम्हांड में बस पृथ्वी पर ही जीवन है। वर्षों से प्रत्येक वर्ष 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तथा साथ ही पर्यावरण स्वच्छता और सुरक्षा के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस समारोह के विषय को जानने के लिए, हमारे पर्यावरण को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाये तथा हमारे उन सभी बुरी आदतों के बारे में जानने के लिए जिससे पर्यावरण को हानि पहुंचता है, हम सभी को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए।

## पर्यावरण की रक्षा, दुनियाँ की सुरक्षा!




























**खबर संक्षेप**



## नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पोस्ट बेसिक नर्सिंग तथा एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में सुबह 10 से 12.15 तक एमएससी नर्सिंग की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4.15 तक पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा होगी। दोनों ही प्रवेश परीक्षाओं के लिए केवल रायपुर और बिलासपुर में केंद्र बनाए गए हैं। एमएससी नर्सिंग के लिए 5837 तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 6127 छात्रों ने आवेदन किए हैं। रायपुर में एमएससी की परीक्षा 10 केंद्र तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा 9 केंद्रों में होगी।

## एमकॉम प्रथम वर्ष में 24% छात्र उत्तीर्ण

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को एमकॉम प्रथम वर्ष सहित कई कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। ऐसे जो विद्यार्थी पिछले वर्ष एमकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए थे, केवल उन्हीं के लिए पुराने पैटर्न पर परीक्षा आयोजित की गई थी इस परीक्षा में 1209 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 293 अर्थात 24.23% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इसके अलावा रविवि ने बीपीई तथा बीए क्लासिक प्राच्य संस्कृत के परिणाम भी घोषित कर दिए हैं।

## नेट केबल वायरिंग की शिकायत का समाधान

**रायपुर।** भक्त कर्मा वार्ड के शिव नगर क्षेत्र में नेट केबल से संबंधित जनशिकायत को संज्ञान में लेते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम की विद्युत विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे ने विद्युत शाखा की टीम के साथ संयुक्त रूप से जोन 5 क्षेत्र में जनशिकायत का निदान किया। पार्षद ममता-सोनू तिवारी, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल के निर्देश पर केबल वायरिंग संबंधित शिकायत दूर की गई।

## ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने होम-स्टे नीति मंजूर

**रायपुर।** कैबिनेट द्वारा राज्य में ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए 'छत्तीसगढ़ होम-स्टे नीति 2025-30' का अनुमोदन किया गया। होम-स्टे नीति का उद्देश्य यह है कि छत्तीसगढ़ के गांवों और विशेषकर बस्तर, सरगुजा के दूरदराज के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इससे वहां के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। होम-स्टे के जरिए पर्यटकों को गांव की संस्कृति, कला, शिल्प और प्रकृति से जुड़ा खास अनुभव मिलेगा, साथ ही इससे गांवों में रहने वाले लोगों को सीधा लाभ होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। यह एक तरह से वोकल फॉर लोकल के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश में ग्रामीण पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# तोड़फोड़ दस्ते में अब महिलाएं भी, दो माह का ट्रायल, रिस्पांस अच्छा रहा तो सालभर काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

- ठेला गुमटी हटाने से लेकर तोड़फोड़ की कार्यवाही में सहयोग
- नगर निगम का नया प्रयोग, पहली बार नारी शक्ति को दस्ते में किया शामिल



नगर निगम के तोड़दस्ते में अब महिलाएं भी नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब एक-दो नहीं, बल्कि 20 महिलाओं को निगम का तोड़दस्ता अपनी टीम का हिस्सा बनाने जा रहा है। शुरुआत में 2 माह के ट्रायल पर इन महिलाओं को काम पर रखा जाएगा, इस अवधि में उनका काम संतोषप्रद रहा तो एक साल तक के लिए इन्हें काम करने का मौका मिलेगा। रायपुर नगर निगम ने नया प्रयोग करते हुए अपने तोड़दस्ते में महिलाओं को शामिल किया है। हाल ही में कलेक्टर, क्षेत्रीय सांसद, विधायक और निगम अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों की ओर से कलेक्टर के समक्ष यह सुझाव आया कि निगम के अभियान में महिलाओं को भी शामिल किया जाए, इससे अच्छे परिणाम आ सकते हैं। इसी के तहत नगर निगम प्रशासन ने शुरुआत में 20 महिलाओं को अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम में शामिल किया है। आवश्यकता पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग ने नियम अनुसार टेंडर प्रक्रिया का पालन करते हुए महिलाओं को मौका दिया है।

### यूजर चार्ज वसूली में भी महिलाओं को मिला था मौका

नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग जोन के वार्डों में कुछ समय पूर्व डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज वसूली के लिए महिलाओं का चयन कर उन्हें काम करने का मौका दिया था। इसका रिस्पांस भी अच्छा मिला, पर बाद में राजस्व विभाग द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के साथ यूजर चार्ज की वसूली का ऑनलाइन सिस्टम अमल में लाने के बाद महिलाओं द्वारा डोर-टू-डोर यूजर वसूली कार्य पर विराम लग गया।

## अधिकारियों के नाक के नीचे चल रहा रेत, मुरुम का अवैध खनन-भंडारण

# बारिश के पहले खड़े हो गए रेत के पहाड़ सरकारी जमीन को भी बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

बारिश का सीजन शुरू हो गया है। इसके चलते 15 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक सभी खदानों में उत्खनन पर भी रोक लग जाएगी, जिसके बाद से खदानों में खनिज सामग्री का उत्खनन बंद हो जाएगा। इसे देखते हुए वैध खदानों के ठेकेदारों सहित माफिया बेखौफ होकर रेत, मुरुम सहित अन्य खनिज सामग्री का पर्यावरण विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उत्खनन और अवैध रूप से भंडारण करने में जुटे हुए हैं।

अभनपुर क्षेत्र में माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि अब उनके द्वारा शासकीय जमीन पर भी भंडारण किया जा रहा है। ग्राम जौंदा में 100 हाईवा से अधिक रेत के पहाड़ खड़े कर दिए गए हैं, वहीं सेमरा में भी खनन के साथ जमकर भंडारण किया जा रहा है। नवा रायपुर में भी सेक्टर 16, 17 के कई गांवों के पास मुरुम का जमकर खनन किया जा रहा है, जिससे जमीन खदान और तालाब में बदल चुकी है। हरिभूमि ने बुधवार को रेत और मुरुम की कई खदानों की लाइव पड़ताल की। इस पड़ताल से विभाग सहित तहसील क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों की भी पोल खुल गई है।





### बारिश से पहले जमकर अवैध भंडारण

मानसून के मौसम में सीजनभर खनिज सामग्री से जुड़े कारोबारी जमकर कमाई करते हैं। इन दिनों वैध रूप से खदानों का संचालन करने वाले कई ठेकेदार भी इसी धंधे में उतर आए हैं और पर्यावरण विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर रेत, मुरुम सहित अन्य सामग्री का उत्खनन कराकर विभाग से बिना अनुमति लिए अनेकों स्थानों पर भंडारण करा रहे हैं। इन ठेकेदारों के साथ खनिज सामग्री का अवैध कारोबार करने वाले भी सक्रिय हो चुके हैं और कई खदानों में अवैध रूप से तेजी से उत्खनन कराते हुए भंडारण करने में जुटे हुए हैं।

### जौंदा में शासकीय जमीन पर अवैध भंडारण

हरिभूमि ने अभनपुर क्षेत्र में संचालित कई रेत खदानों की पड़ताल की। इस दौरान ग्राम सेमरा में जमकर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ग्राम जौंदा में भी इसी के द्वारा शासकीय जमीन पर ही रेत का जमकर अवैध भंडारण कराया गया है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों से लेकर अभनपुर तहसील के राजस्व अधिकारियों को भी है, लेकिन इसके बाद भी इस पर न ही रोक लगाने की कोई पहल हुई और न ही कार्रवाई की गई है। आरंग क्षेत्र के ग्राम पारागांव में भी जमकर अवैध भंडारण किया गया है। यहां लगभग दो किलोमीटर तक रेत के सैकड़ों पहाड़ के रूप में भंडारण किया गया है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए है, जबकि यहां एक-दो स्थानों पर ही कुछ एकड़ में भंडारण की अनुमति दी गई है।



### 9 प्रकरण कार्रवाई के लिए विभाग को भेजे

ग्राम सेमरा, ग्राम जौंदा सहित अन्य स्थानों पर रेत, मुरुम का अवैध उत्खनन एवं भंडारण करने संबंधी 9 प्रकरणों पर कार्रवाई करने विभाग को भेजा है। सेमरा से नामजद शिकायतें आई हैं। जिनके द्वारा अवैध खनन-भंडारण किया जा रहा है, उनका पता लगाया जा रहा है।

**- रवि सिंह,** एसडीएम, अभनपुर

### कई एकड़ जमीन बन गई खदान-तालाब

नवा रायपुर के सेक्टर 16, 17 क्षेत्र में कई स्थानों पर मुरुम का जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। माफिया का यहां इतना ज्यादा दबदबा है कि खनन के कारण यहां के दो स्थानों की 10 एकड़ से ज्यादा जमीन बड़ी खदान और तालाब में तब्दील हो चुकी है। ग्राम गिरौला में मुरुम खनन की अनुमति ली गई है, लेकिन जितने एकड़ की अनुमति मिली है, उससे दोगुना एकड़ जमीन पर मुरुम का खनन किया जा रहा है।

# घबराए छात्र पहुंचे रविवि कहा-अचानक बंद हो गए दाखिले, अब क्या करें?



- उच्च शिक्षा विभाग ने अब तक जारी नहीं किए हैं दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि जो ना कर बैठे वो कम है। ताजा मामला प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ा है। रविवि द्वारा मई माह के अंतिम सप्ताह में आवेदन के लिए पोर्टल प्रारंभ किया गया था। रविवि ने उस वक्त कोई अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश अथवा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने को लेकर किसी तिथि का निर्धारण अब तक नहीं किया है। ऐसे में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने आवेदन तो शुरू कर दिए हैं, लेकिन अंतिम तिथि को लेकर छात्रों को कोई सूचना नहीं दी गई है।

रविवि द्वारा अचानक से आवेदन पोर्टल बंद किए जाने के बाद कई छात्र इस भ्रम में आ गए कि रविवि द्वारा नवीन सत्र में प्रवेश के लिए पोर्टल पूर्णतः बंद कर दिया गया है। इसके बाद घबराए हुए छात्र बुधवार को रविवि पहुंचे। छात्रों का कहना है कि आवेदन के दौरान भी पोर्टल पर बार-बार तकनीकी खराबी आ रही थी और अब यह पूरी तरह से ठप हो चुका है। सीबीएस (सेंटर फॉर बेसिक साइंस) सहित विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि घोषित की जा चुकी थी, परंतु अन्य पाठ्यक्रमों के लिए न तो कोई स्पष्ट सूचना दी गई और न ही पोर्टल पर कोई दिशा-निर्देश मौजूद है। इसे छात्र असमंजस में हैं।

*विस्तृत सूचना साझा करे विवि : एनएसयूआई ने भी छात्रों की यह समस्या विवि प्रबंधन के सामने रखी। छात्र संगठन का कहना है कि छात्र कई बार पोर्टल खोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वेबसाइट या तो खुलती ही नहीं या बार-बार एरर का मैसेज प्रदर्शित होता है। छात्रों का कहना है कि न तो विश्वविद्यालय की ओर से कोई ईमेल या मैसेज अलर्ट दिया गया, न ही आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया पर सूचना साझा की गई। जिला सचिव संस्कार पांडे ने कहा, कई छात्र बाहर कैफे जाकर आवेदन कर रहे थे, लेकिन समय पर जानकारी न मिलने से उनका समय और संसाधन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। छात्रों ने मांग की है कि विश्वविद्यालय पोर्टल को शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा विस्तृत सूचना सार्वजनिक रूप से साझा की जाए।*

### महाविद्यालय परेशान

महाविद्यालय भी परेशान हैं। छात्र आवेदन तिथि के संदर्भ में जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन कोई सूचना नहीं होने के कारण हम उनका मार्गदर्शन करने में असमर्थ हैं।

**-देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, निजी कॉलेज संघ

## संकल्प, ऑपरेशन सिंदूर, वोकल फॉर लोकल, व्यापारी सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- कैट के प्रतिनिधिमंडल ने की विस अध्यक्ष डॉ. रमन से मुलाकात

कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को समता कॉलोनी के मैक कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत होंगे। कैट के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत से भेंट की।

राजधानी में 6 जून को होने वाले प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड सुनील सिंघी करेंगे। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को दोपहर 3.30 बजे मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा।

### ये उपस्थित रहे

कार्यक्रम के सिलसिले में कैट के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री पारवानी, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, राजेंद्र खटवानी, गोल्डी जैन, विजय पटेल, भास्कर साहू, राजू डागा, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, शरद अग्रवाल, गुरुमुख दास वाधवा, अकरम कुरैशी, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, चिंटू बग्गा, आकाश चोपड़ा, अमित खण्डेलवाल एवं संजय रिजवानी उपस्थित रहे।

# राइस मिल के मुंशी से पौने नौ लाख की लूट, ड्राइवर समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





- बदमाशों के कब्जे से रकम के साथ लूटी गई दोपहिया जब्त
- गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात की घटना

गुढ़ियारी पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने एक कंपनी के मुंशी के साथ मारपीट कर पौने नौ लाख रुपए लूट के आरोप में कंपनी के ड्राइवर तथा एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने मंगलवार रात मुंशी को ओवरटेक कर स्कूटी से गिराकर उसके साथ मारपीट कर लूट की थी।

सूरज सिंह की शिकायत पर पुलिस ने तनीष इंटरप्राईजेस के ड्राइवर हुलेश देवांगन तथा रूपेश साहू को गिरफ्तार किया है। सूरज ने पुलिस को बताया कि वह घटना दिनांक को रात पौने नौ बजे रकम छोड़ने संस्थान के मालिक के घर जा रहा था। इस दौरान हुलेश ने योजना बनाकर गुढ़ियारी पड़ाव एरिया में अपने साथी के साथ मिलकर लूटपाट की। सूरज सीधा-साधा है, इस बात को हुलेश जानता था। इसी बात का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने सूरज को पहले ओवरटेक कर रोका, इसके बाद उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसका ई-स्कूटर लेकर फरार हो गए, इसी ई-स्कूटर में पौने नौ लाख रुपए रखे गए थे।

### ऐसे बनाई लूट की योजना

राइस मिल का मालिक कार में सवार होकर कहीं से आ रहा था। इस दौरान सूरज ने अपने मालिक को ऑफिस में रकम होने की जानकारी दी। तब राइस मिल के मालिक ने ऑफिस बंद होने के बाद रकम घर छोड़ने के लिए कहा। राइस मिल के मुंशी तथा मालिक की पूरी बात ड्राइवर सुन रहा था। मालिक को घर छोड़ने के बाद ड्राइवर ने अपने साथी से संपर्क कर लूट की योजना बनाई।

### ई-स्कूटर लावारिस छोड़ फरार हुए लुटेरे

ई-स्कूटर में जीपीएस सिस्टम लगे होने के साथ ही लॉक कोड से खुलता है। ई-स्कूटर में जीपीएस सिस्टम के साथ ई-लॉक की जानकारी हुलेश को पहले से थी। रकम से भरी ई-स्कूटर लूटकर ले जाने के कुछ दूरी के बाद हुलेश ने स्कूटर को लावारिस हालत में छोड़कर ई-लॉक खोला और रकम निकालकर फरार हो गया। पुलिस पूछताछ में बार-बार बयान बदलने के बाद हुलेश के ऊपर शंका हुई। सख्ती से पूछताछ करने के बाद हुलेश ने अपने साथी के साथ मिलकर लूटपाट को अंजाम देने की बात कबूल की।

## कॉक्लियर इंप्लांट के बाद निरंतर स्पीच थैरेपी से नंदिनी और जीत बने मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- आंबेडकर अस्पताल के ईएनटी विभाग में अब तक 285 इंप्लांट

श्रवण बाधित बच्चों ने सामान्य जीवन जीने के लिए कड़ी चुनौती स्वीकार की और कॉक्लियर इंप्लांट के बाद निरंतर स्पीच थैरेपी से शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज के सामने मिसाल पेश की। स्कूलों में सामान्य बच्चों की तरह पढ़ाई कर भावना पटेल ने 11वीं में 86, नंदिनी पिल्लई ने 10वीं में 77 फीसदी तथा और जीत ने 10वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित नाक-कान-गला रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा ने बताया कि भावना, नंदिनी एवं जीत बचपन से ही श्रवण बाधित थे। माता-पिता, शिक्षकों तथा चिकित्सा विशेषज्ञ के प्रयासों से इन बच्चों ने न केवल सुनना और बोलना सीखा, बल्कि शिक्षा में भी उत्कृष्टता हासिल की। कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद स्पीच थैरेपी की मदद से इनकी संचार क्षमता में सुधार हुआ और इन्होंने नियमित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सर्जरी और स्पीच थैरेपी की मदद से कई बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं और विभिन्न सेक्टर में अपना परचम लहरा रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि ईएनटी रोग विभाग में कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी शासन की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत निशुल्क की जाती है। संस्थान की प्रमुख सर्जन डॉ. हंसा बंजारा द्वारा अब तक 285 कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की जा चुकी है। कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी के पश्चात नियमित स्पीच थैरेपी कराई जाती है, जिससे ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। बच्चों के माता-पिता ने कहा कि ईएनटी रोग विभाग के डॉक्टरों के सहयोग से ही यह इलाज संभव हो सका।

- स्वास्थ्य कार्ड, डिजिटल सेवाओं का सम्मान, बच्चों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम भी

# हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर...आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया दाई-बबा दिवस, सवा लाख से ज्यादा की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम पर बुधवार को दाई-बबा दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रदेशभर में सवा लाख से ज्यादा लोगों को जांच की सुविधा दी गई। साथ बुजुर्गों के स्वास्थ्य कार्ड, डिजिटल सेवाएं भी प्रदान की गई। साथ ही सबसे बुजुर्ग और प्रेरक जोड़ी का सम्मान किया गया। बुजुर्गों से उनके लगाव को दर्शाने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

राज्य शासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल पर सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आरोग्य मेले में 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया। हेल्थ सेंटरों में मौजूद चिकित्सकों ने आरोग्य मेले में शामिल होने पहुंचे 64 हज़ार से अधिक लोगों की मधुमेह की जांच की। 66 हजार से अधिक लोगों की उच्च रक्तचाप, 19 हजार से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण, 15 हजार की टीबी स्क्रीनिंग, 13 हजार की कुष्ठ जांच, 54 हजार से अधिक की ओरल कैंसर स्क्रीनिंग की गई। साथ ही आरोग्य मेले में पहुंचे जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान वय वंदन कार्ड नहीं था, उनका मौके पर पंजीकरण कर डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा) से जोड़ा गया, ताकि उन्हें आगे भी सुविधाजनक रूप से स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होती रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति परिवार में सम्मान और रिश्तेदारी को मजबूत करना था। इसे ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए 'मेरे दादा-दादी, मेरी प्रेरणा हैं' विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'साथ-साथ संवाद' सत्र में बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं 'दाई-बबा की सीख' सत्र में वरिष्ठजनों ने जीवन के प्रेरक अनुभव साझा किए। जिला स्तर पर प्रेरणादायक वरिष्ठ जोड़ियों को सम्मानित किया गया।

*पीले चावल देकर आमंत्रण : दाई-बबा दिवस को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जिलों ने रचनात्मक और स्थानीय स्तर पर प्रभावी प्रयास किए गए। कुछ स्थानों पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वयं हाथ से नेवता पत्र तैयार कर, परंपरागत रूप से पीले चावल देकर घर-घर जाकर आमंत्रण दिया। वहीं कई जिलों में मुनादी कराई गई और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी जनता को मेले की जानकारी दी गई। आरोग्य मेले में आने वाले बुजुर्गों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।*






### राजधानी में वृहद आयोजन

दाई-बबा दिवस का आयोजन राजधानी के तमाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। मुख्य समारोह चंगोराभाठा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों में आने बुजुर्गों की जांच के साथ परीक्षण मानसिक स्वास्थ्य याददाश्त जांच आयुर्वेद योग जीवनशैली परामर्श जैसी सेवाएं दी गईं। सबसे वरिष्ठ नागरिक सबसे सक्रिय बुजुर्ग एवं प्रेरक जोड़ी को मंच पर सम्मानित किया गया। जो वृद्धजन किसी कारणवश स्वास्थ्य संस्था नहीं आ सके, उनकी सुविधा के लिए टीमों द्वारा उनके निवास स्थान पर जाकर होम विजिट किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रह जाए।

